
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक
# अमन लेखनी



डॉन 3 बंद नहीं होगी, पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी....



शक्ति शालिनी के सेट....

वर्ष : 12 | अंक : 128 | लखनऊ, 30 अप्रैल, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### एक मई को खुद पेश हों मुख्यमंत्री मान



**मानसा।** यहां के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजिंदर सिंह नागपाल की अदालत ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को एक मई को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश दिए हैं। मानसा के पूर्व विधायक नजर सिंह मानशाहिया द्वारा मान के खिलाफ मामला दायर किया गया था। मान ने आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

### उन्नाव में डंपर की टक्कर से 6 की मौत



**उन्नाव।** बिहार-बक्सर मार्ग पर बुधवार भोर के उजाले के साथ ही एक भीषण हादसे ने पूरे जिले को दहला दिया। मां चंडिका के दरबार में 3 साल के मासूम शुभ का मुंडन संस्कार कराकर लौट रहे परिवार के 6 लोगों की मोत हो गई। बेकाबू डंपर ने बोलेरो को ऐसी टक्कर मारी मंगल गीत पल भर में चीख-पुकार में बदल गई।

### दिल्ली में नया मेयर भाजपा के वाही जीते



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम को बुधवार को नया मेयर मिल गया है। 29 अप्रैल को हुए चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी प्रवेश वाही ने जीत दर्ज की है। मतदान के दौरान सदन की बैठक से आप के पार्षद सदन से अनुपस्थित रहे। भाजपा के प्रत्याशी प वाही की जीत लगभग तय थी, क्योंकि भाजपा के पास जरूरी वोटों से ज्यादा संख्या थी।

### चिंतपूर्णी में खाई में गिरी कार, 4 लोग जिंदा जले!



**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में एक कार खाई में गिरने से 4 लोगों की मौत की आशंका है। चिंतपूर्णी के भरवाईं में यह हादसा पेश आया है और कार में4 लोग सवार थे और सभी के जिंदा जलने की आशंका है। फिलहाल, पुलिस ने मौके पर राहत और बचाव अभियान शुरू किया है। बताया गया श्रद्धालुओं की कार थी।

### गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन कर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# सपा-कांग्रेस विकास विरोधी और नारी विरोधी भी, दोनों ने महिला आरक्षण का किया विरोध



गंगा एक्सप्रेस वे का नजारा

**594** किमी लंबा एक्सप्रेसवे

**36,230** करोड़ की लागत से बना

**12** जिलों को जोड़ेगा यह वे

### यह उत्तर प्रदेश की लाइफ लाइन, मां गंगा का आशीर्वाद




रिमोट दबाकर एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में हैं उत्तरप्रदेश की राज्यपाल और मुख्यमंत्री

अमन लेखनी समाचार

देवेंद्र सिंह बबलू / हरदोई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदोई में 594 किमी लंबे एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। लगभग 36,230 करोड़ की लागत से बने गंगा एक्सप्रेसवे से मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा का समय अभी के 10-12 घंटे से घटकर लगभग 6 घंटे होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने कहा ककि मैं मानता हूं कि उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस वे का ये वरदान ये भी मां गंगा का ही आशीर्वाद है। अब आप कुछ ही घंटों में संगम भी पहुंच सकते हैं, और काशी में बाबा के दर्शन करके भी वापस आ सकते हैं। आधुनिक प्रगति के दौर में उनके समीप से गुजरता ये एक्सप्रेस वे यूपी के विकास की नई लाइफलाइन बनेगा। बीते दिनों एक बार फिर देश ने कांग्रेस और सपा का नारी विरोधी चेहरा देखा है। केंद्र की एनडीए सरकार नारी शक्ति वंदन संशोधन लेकर आई थी, अगर यहपास हो जाता तो 2029 के चुनाव से ही महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण मिलता। लेकिन सपा ने इस संशोधन के खिलाफ वोट किया। सपा कभी भी परिवारवाद और जातिवाद से ऊपर नहीं उठ सकती। ये लोग हमेशा विकास विरोधी राजनीति करेंगे।

**ये आधुनिक हस्तरेखाएं बता रहीं**

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन पहले मुझे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के लोकार्पण का अवसर मिला था। तब मैंने कहा था कि ये नए बनते एक्सप्रेसवे विकसित होते भारत की हस्तरेखाएं हैं, और ये आधुनिक हस्तरेखाएं, आज भारत के उज्ज्वल भविष्य का जयघोष कर रही हैं।

### कुछ लोग देश को नीचा दिखा रहे

पीएम मोदी ने कहा कि आप लोग देख रहे हैं कि आज पूरी दुनिया कैसे युद्ध, अशांति और अस्थिरता में फंसी हुई है। दुनिया के बड़े-बड़े देशों की हालत खराब है। लेकिन भारत विकास के रास्ते पर उसी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। भारत के दुश्मनों को यह पसंद नहीं आ रहा है। कुछ लोग सत्ता की भूख में भारत को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे हुए हैं। हम विकास के नए-नए कीर्तिमान भी गढ़ रहे हैं। हम आत्मनिर्भर भारत के अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। हम आधुनिक से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं।

### मां गंगा के नाम पर होगी इसकी पहचान

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि यूपी सरकार ने इस एक्सप्रेस-वे का नाम मां गंगा के नाम पर रखा है। इसमें विकास का हमारा विजन भी झलकता है और हमारी विरासत के भी दर्शन होते हैं। मैं यूपी के करोड़ों लोगों को गंगा एक्सप्रेस-वे की बधाई देता हूं।

### ये एनसीआर की असीम संभावनाओं को भी करीब लाएगा

पीएम मोदी ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे यूपी के एक छोर को दूसरे छोर से तो जोड़ता ही है। ये एनसीआर की असीम संभावनाओं को भी करीब लाएगा।

### अब यूपी एक ट्रिलियन इकोनॉमी बनने की ओर

पीएम मोदी ने कहा कि पहले यूपी को पिछड़ा और बीमारू प्रदेश कहा जाता था, वही यूपी आज एक ट्रिलियन ईकोनॉमीबनने की ओर आगे बढ़ रहा है। यूपी के पास असीम क्षमता है, देश की इतनी बड़ी युवा आबादी का पोटेंशियल यूपी के पास है। ताकत का उपयोग हम यूपी को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए कर रहे हैं।

### रोड शो में भाजपा में दिखा उत्साह, बजे ढोल-नगाड़े

लहुराबीर चौराह पर प्रधानमंत्री का एनसीसी कैडेट्स व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। लोगों में काफी उत्साह दिखा। पीएम का स्वागत कर एनसीसी कैडेट्स व महिलाएं काफी खुश नजर आईं।

**पीएम बोले-अब वो दौर चला गया**

पीएम मोदी ने कहा कि अब वो दौर चला गया, जब एक सड़क के लिए दशकों तक इंतजार करना पड़ता था। अब शिलान्यास भी होता है और जल्द उद्घाटन भी।

### दिल्ली हाई कोर्ट में ऑनलाइन सुनवाई

# कथित तौर पर अश्लील वीडियो प्ले होने लगे, 'हैकिंग' के दावे

दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई के दौरान एक असामान्य घटना सामने आई। सुनवाई के बीच में ही कथित तौर पर बार-बार अश्लील वीडियो प्ले होने लगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई के दौरान एक असामान्य घटना सामने आई। अदालत में कथित तौर पर बार-बार अश्लील वीडियो प्ले होने लगे। ये वीडियो वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम के जरिए ब्रॉडकास्ट हुए। यह कंटेंट यूजर्स श्रीधर सरनोबत और शीतजीत सिंह के अकाउंट से चले। घटना के तुरंत बाद अदालत ने एहतियातन वीसी सिस्टम को बंद कर दिया ताकि किसी भी तरह की रुकावट या दुरुपयोग को आगे रोका जा सके। कुछ मिनटों बाद जब सिस्टम को दोबारा ऑन किया गया तो फिर से पोर्न वीडियो चलने लगे। बैकग्राउंड में एक ऑटोमेटेड वॉइस मैसेज सुना गया, यह अमेरिका से किया गया हैक है। मीटिंग को अभी बंद कर दीजिए। दोबारा कभी इसे ऑन मत करना।



### वीसी सिस्टम पर साइबर हमले की आशंका बढ़ी

वीसी को बंद कर दिया गया है और दोबारा नहीं खोला गया है। इस मैसेज के बाद कोर्ट के वीसी सिस्टम पर साइबर हमले की आशंका और मजबूत हो गई है। शुरुआती संकेतों के आधार पर दिल्ली हाईकोर्ट के वीसी इंटरफेस पर संभावित साइबर अटैक की जांच की जा रही है। हाईकोर्ट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक पर हुए संभावित साइबर हमले की जांच दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट को सौंप दी गई है।

केजरीवाल के बहिष्कार के बीच जस्टिस ने कहा

### एक मौका और देती हूं, सोमवार तक अपना जवाब पेश करें



अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक की ओर से जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अदालत का बहिष्कार किए जाने के बीच बुधवार को कथित शराब घोटाले केस की सुनवाई हुई। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि ट्रायल कोर्ट का रिकॉर्ड और कुछ प्रतिवादियों की ओर से जवाब नहीं मिलने की वजह से सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत ने जवाब दाखिल करने का एक और मौका देते हुए कहा कि अगली सुनवाई सोमवार को 2.30 बजे होगी।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट बेंच का बड़ा फैसला

# 'बधाई' किन्नरों का हक नहीं वे इलाका तय नहीं कर सकते

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने किन्नरों की रिट याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में बधाई या जजमानी के लिए सुरक्षा और उनका इलाका तय करने की मांग की थी। कोर्ट ने कहा कि कोई भी कानूनी मंजूरी के बिना पैसा इकट्ठा करने के लिए किसी कानूनी या मौलिक अधिकार का दावा नहीं कर सकता। जस्टिस आलोक माथुर और जस्टिस अमिताभ कुमार राय की बेंच में रेखा देवी ने किन्नरों के बीच लड़ाई-झगड़े रोकने, शादी-ब्याह, बच्चे के जन्म के मौके पर इलाके में बधाई लेने के लिए एक खास इलाका घोषित करने की मांग की थी।



### यह कानूनन जायज नहीं

याचिकाकर्ता का कहना था कि किन्नरों के पास शुभ अवसरों पर बधाई लेने का परंपरागत अधिकार रहा है। किन्नरों के बीच इलाकों को लेकर टकराव से झड़पें हुई हैं। कोर्ट ने कहा,कानूनी आधार के अभाव में ऐसे अधिकारों को कानूनन जायज नहीं ठहराया जा सकता।

### सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश मामले में सुनवाई

# सुधार के नाम पर धर्म की मूल भावना से छेड़छाड़ ठीक नहीं

### सुप्रीम कोर्ट बोला- गैर-आस्थावान किस आधार पर प्रवेश का अधिकार मांगेगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अहम सवाल उठाया। कोर्ट ने पूछा कि उत्तर भारत में रहने वाला कोई गैर-आस्थावान व्यक्ति आखिर किस आधार पर सबरीमाला मंदिर में प्रवेश का अधिकार मांग सकता है? कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म की मूल संरचना को कमजोर नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि भारत की सभ्यता और धार्मिक इतिहास को नजरअंदाज करना संभव नहीं है। संविधान के अनुच्छेद भी इसी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से विकसित हुए हैं। वर्तमान को समझने के लिए अतीत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



**इंदिरा जयसिंह ने रखा पक्ष**

वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने दलील दी कि मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर पूर्व फैसला अब भी प्रभावी है और उस पर कोई रोक नहीं लगी है। इसके बावजूद महिलाओं को मंदिर में प्रवेश नहीं मिल पा रहा, जिसका कारण राज्य सरकार का पर्याप्त सहयोग न होना बताया गया।

**आस्था बनाम अधिकार पर फोकस**

पीठ ने कहा कि मंदिर प्रवेश के अधिकार से जुड़े मामलों में यह देखना जरूरी है कि दावा करने वाला व्यक्ति भक्त है या नहीं। अदालत ने संकेत दिया कि धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में आस्था का पहलू भी अहम भूमिका निभाता है।

### अदालत ने जटिल बताया

कोर्ट ने इस पर स्पष्ट किया कि महिला को उसके सामाजिक वर्ग के कारण नहीं, बल्कि आयु समूह के आधार पर रोका गया था। कोर्ट ने यह भी कहा कि विविधता ही भारत की ताकत है और संविधान के अनुच्छेद 26 के तहत धार्मिक संप्रदायों को अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार भी दिया गया है। कोर्ट ने यह भी माना कि किसी धार्मिक प्रथा को आवश्यक या गैर-आवश्यक घोषित करना न्यायालय के लिए बेहद जटिल कार्य है।

# शास्त्रीय, लोक और पाश्चात्य का संगम, सजी फ़्यूजन संगीत संध्या




अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सुर, लय और ताल के अद्भुत समन्वय के साथ तबला नवाज शेख मोहम्मद इब्राहिम की संगीतमय यात्रा लय और सुर के सफर का रजत जयंती समारोह बुधवार को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में हुआ। फ़्यूजन संगीत की इस प्रस्तुति ने शास्त्रीय गहराई, लोक मिठास और पाश्चात्य रंगों को एक मंच पर सजीव कर दिया। कार्यक्रम विश्वविख्यात तबला वादकों उस्ताद अल्ला रक्खा एवं जाकिर हुसैन को समर्पित रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत राग यात्रा इंटरनेशनल फ्यूजन बैंड के 11 सदस्यीय दल द्वारा शेख मोहम्मद इब्राहिम के निर्देशन में हुई। राग मिश्र किरवानी, दरबारी कानड़ा एवं पहाड़ी पर आधारित रचनाओं को एकताल, तीनताल, कहरवा तथा दादरा ताल में सुंदरता से निबद्ध किया गया। आलाप, विस्तार, खयाल, तानों की जटिलता तथा वाद्यों की जुगलबंदी और सवाल-जवाब की शैली ने श्रोताओं को प्रारंभ से अंत तक बांधे रखा। प्रस्तुति में शेख मोहम्मद इब्राहिम ने तबला, चण्डा, मादल, इलेक्ट्रॉनिक पर्कशन, टॉपस्टिक, घुंघरू एवं थंडर ड्रम पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। ढोलक, जेम्बे, हुड़का, मर्कस पर अरुण मिश्रा; रामकुंडली, बंसी, हुड़का, ढोल, डफ, मर्कस पर सिराज अहमद; अन्य वाद्यों पर कमल गुप्ता, प्रखर प्रताप सिंह, अलका श्रीवास्तव, सौरभ सोनवानी, हर्षल कुमारसे, सम्राट राजकुमार, नयन सिंह व अंजलि पटेल ने संगत की। द्वितीय प्रस्तुति में युवा कलाकार दिव्यांशी राज एवं विद्युत गांगुली ने एकल तबला वादन में तीनताल पर आधारित कायदे, टुकड़े एवं चक्करदार रचनाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

बाल कलाकार अनुज महेंद्रू ने लोग कहते हैं, नीयत-ए-सौख जैसी गजलों की प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी। लोक संस्कृति पर आधारित तृतीय प्रस्तुति में नलिनी त्रिपाठी, मुदिता पांडेय एवं अंशिका ने गोदना गीत तथा चकिया गीतझ पीसना पीसन लागी जैसी पारंपरिक लोकधुनों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। वाद्य संगत में प्रखर प्रताप सिंह, दिलीप त्रिवेदी, अनुपमा राय, जीशान अब्बास, पिंकी श्रीवास्तव एवं अंश का विशेष योगदान रहा। संचालन राजेंद्र विश्वकर्मा ने किया।

# सपना गोयल की अगुआई में हुए बाबा सोमनाथ के दिव्य दर्शन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुआई में बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर में महादेव के भव्य और दिव्य दर्शन किये। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते 19 अप्रैल 2026 को लखनऊ के गोमती नगर रेलवे स्टेशन से 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस यात्रा का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग और केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत किया था।

इस यात्रा का उद्देश्य उत्तर प्रदेश से 1008 चयनित श्रद्धालुओं को बाबा सोमनाथ के दर्शन करवाना था। यह यात्रा 21 अप्रैल की सुबह 6 बजे, सोमनाथ स्टेशन पहुंची थी। इस क्रम में 24 अप्रैल को वहां से वापसी के लिए ट्रेन रवाना होकर बीते 26 अप्रैल को लखनऊ पहुंची थी। सपना गोयल ने बुधवार 29 अप्रैल को बताया कि यह सनातन जनजागृति का महती आयोजन रहा क्योंकि



सोमनाथ गुजरात के वेरावल - प्रभास पाटन, में स्थित भगवान शिव का पहला और अत्यंत पवित्र ज्योतिर्लिंग है। यह मंदिर अपनी अटूट आस्था, सदियों के आक्रमणों को झेलकर पुनर्जीवित होने और अपनी भव्य वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है, जिसे लौहपुरुष सरदार पटेल ने पुनर्गठित करवाया था। यह हिंदू धर्म के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि सोमनाथ मंदिर के दर्शन लाभ कर लौटी मातृशक्तियों के अवसर पर लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास 5 मई को दोपहर 1:00 बजे से ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

सपना गोयल ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित सोमनाथ यात्रा की हृदय से प्रशंसा करते हुए कहा कि निश्चित रूप से सोमनाथ महायात्रा ने, महा अभियान, एक राष्ट्र, सशक्त राष्ट्र, सनातनी राष्ट्र के मूल भाव को साकार किया बल्कि इस यात्रा में शामिल हुए भक्तों को सनातनी शक्ति की भव्यतता और दिव्यता से भी परिचित करवाया। इस ऐतिहासिक सोमनाथ यात्रा में सुंदरकांड महाअभियान की दर्जनों सनातनी मातृशक्तियों ने भी पूर्ण उल्लास और भक्ति के साथ सहभागिता की। सपना गोयल ने कहा कि हम सब भारतीयों को गौरव का यह यादगार पल देने के लिए वह प्रदेश सरकार का हृदय से आभार प्रकट करती हैं। इसके साथ ही कामना करती हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार इस तीर्थाटन के इस यात्रा क्रम को अनवरत बनाए रखेगी। सपना गोयल ने बताया कि उनका एकमात्र लक्ष्य है कि संतों और ऋषियों की पावन भूमि, भारत एक बार पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो। भारत उत्थान के इस महा उद्देश्य की पूर्ति हेतु ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ के साथ-साथ प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शनिवार को नजदीकी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन, करवाया जा रहा है।

# डॉ. राजेश्वर सिंह का प्रस्तावः मुख्यमंत्री नारी शक्ति औद्योगिक प्रोत्साहन नीति से सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी बनेगा आर्थिक विकास का मॉडल

## पीएम नरेंद्र मोदी की नारी सशक्तिकरण दृष्टि और सीएम योगी के नेतृत्व को आगे बढ़ाते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने दिया मुख्यमंत्री नारी शक्ति औद्योगिक प्रोत्साहन नीति का प्रस्ताव

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। डॉ. राजेश्वर सिंह, विधायक सरोजनीनगर, ने उत्तर प्रदेश को Women-Led Industrial Growth Model के रूप में विकसित करने हेतु 'मुख्यमंत्री नारी शक्ति औद्योगिक प्रोत्साहन नीति' लागू किए जाने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिससे महिलाओं की भागीदारी और आत्मविश्वास में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

डॉ. सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है कि महिला सशक्तिकरण को सामाजिक दायरे से आगे बढ़ाकर आर्थिक विकास की केंद्रीय शक्ति बनाया जाए। उन्होंने निवेदन किया कि ऐसे उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाए, जहाँ न्यूनतम 75 प्रतिशत कार्यबल महिलाएँ हों अथवा जो पूर्णतः women-led enterprises के रूप में संचालित हों।

डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तिकरण को अभूतपूर्व गति मिली है। उज्ज्वला योजना, जन धन खातों के माध्यम से वित्तीय समावेशन, मुद्रा योजना के तहत महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', मातृत्व लाभ योजनाएँ तथा स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण जैसे प्रयासों ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की इन पहलों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व का समन्वय उत्तर प्रदेश को women-led economic growth का अग्रणी मॉडल



बना सकता है।

उन्होंने अपने प्रस्ताव के समर्थन में अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि जापान में OECD Employment Outlook 2025 के अनुसार महिला रोजगार दर 55.1 प्रतिशत तथा महिला श्रम भागीदारी लगभग 77 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। जर्मनी में 3.84 million SMEs देश की 99.95 प्रतिशत कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो 50 प्रतिशत से अधिक आर्थिक उत्पादन और लगभग 60 प्रतिशत रोजगार का आधार हैं, जिनमें लगभग 16 प्रतिशत enterprises women-led हैं।

इसी प्रकार वियतनाम के textile एवं garment sector में लगभग 75 प्रतिशत workforce महिलाएँ हैं, जबकि Samsung Vietnam में 75-80 प्रतिशत कर्मचारी महिलाएँ हैं और यह कंपनी देश के कुल exports में लगभग 20 प्रतिशत योगदान देती है। भारत में बेंगलुरु garment industry में लगभग 5 लाख workers में से 90 प्रतिशत महिलाएँ हैं, जबकिKerala के Kudumbashree model से 45 लाख से अधिक महिलाएँ विभिन्न क्षेत्रों में जुड़ी हुई हैं।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश में textile, garment, food processing, dairy, ODOP, chikankari, electronics assembly, pharma packaging, BPO, sanitary products, agri-based industries तथा solar assembly जैसे क्षेत्रों में महिला-प्रधान उद्योगों की व्यापक संभावनाएँ बताईं। उन्होंने इन उद्योगों के लिए SGST reimbursement, stamp duty में छूट, 50-75 प्रतिशत तक power tariff subsidy, solar subsidy सस्ती औद्योगिक भूमि, महिला औद्योगिक पार्क, plug-and-play units, collateral-free loans, interest subvention, सरकारी खरीद में प्राथमिकता तथा working women hostels, transport एवं crèche facilities जैसे प्रोत्साहनों का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि इस नीति से महिला रोजगार में वृद्धि, परिवारों की आय में सुधार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव migration में कमी तथा सामाजिक स्थिरता में मजबूती आएगी और उत्तर प्रदेश एक Women Manufacturing Hubके रूप में स्थापित हो सकेगा।

डॉ. सिंह ने इसे केवल एक कल्याणकारी पहल नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश को Trillion Dollar Economy की दिशा में अग्रसर करने वाला एक महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार बताया।

## संक्षेप

### विवाहिता ने युवक पर निजी फोटो वायरल कर ब्लैकमेल करने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने युवक पर निजी फोटो वायरल कर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। उसने इसकी शिकायत बंथरा थाने में की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। बंथरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती के मुताबिक उसकी शादी तीन वर्ष पहले उन्नाव जिले के अजगैन थाना क्षेत्र में हुई थी और इस समय उसके एक संतान भी है। विवाहित युवती का कहना है कि शादी से पहले गांव के ही अजय नामक युवक से उसकी दोस्ती थी। तब उस दौरान कुछ फोटो खींचे गए थे। पीड़िता का कहना है कि 23 अप्रैल 2026 को आरोपी ने उन्हीं निजी फोटो को उसके ससुराल पक्ष के लोगों के मोबाइल पर भेज दिया। जिससे परिवार वाले नाराज हो गए और परिवार में विवाद उत्पन्न हो गया। साथ ही वैवाहिक संबंध टूटने की स्थिति बन गई है। पीड़िता ने इसे बदनाम करने और ब्लैकमेल करने की साजिश बताया है। फिलहाल बंथरा पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पंकज चौधरी ने पीएम मोदी का जताया आभार

लखनऊ। प्रदेश के हरदोई के मल्लावां में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया गया। यह अवसर प्रदेश के लिए अत्यंत ऐतिहासिक, गौरवपूर्ण और विकास की नई दिशा निर्धारित करने वाला रहा। इस पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि लगभग 594 किलोमीटर लंबा यह अत्याधुनिक गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों जोड़ते हुए प्रदेश के बुनियादी ढांचे को नई मजबूती प्रदान करेगा।

# गैस सिलेंडर पाइप में लीकेज से मिठाई की दुकान में लगी आग, हजारों का नुकसान

### रहीमाबाद के सस्पन गांव की घटना, ग्रामीणों ने समरसेबल से काबू पाया

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के सस्पन गांव में बुधवार सुबह सड़क किनारे स्थित एक मिठाई की दुकान में गैस सिलेंडर पाइप में लीकेज होने से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया।

रहीमाबाद के अम्बर खेड़ा निवासी संतोष अपनी दुकान पर गैस सिलेंडर की मदद से लड्डू बना रहे थे। इसी दौरान अचानक पाइप में लीकेज हो गया, जिससे आग भड़क उठी और कुछ ही पलों में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की तेज लपटों ने दुकान में रखा पटरा, फर्नीचर, गत्ता सहित अन्य सामान को अपनी चपेट में ले लिया।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और



आग से जला समान – फोटो

समरसेबल की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

दुकान संचालक संतोष ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण यह हादसा हुआ, जिसमें हजारों रुपये का नुकसान हो गया। गनीमत रही कि आग ने पास की अन्य दुकानों को अपनी चपेट में नहीं लिया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# विद्युत विभाग में वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद सरोजनीनगर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप

## अनौरा आंशिक मोहल्ले की विद्युत सप्लाई करीब 15 घंटे रही बाधित

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। विद्युत विभाग में वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद सरोजनीनगर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरती नजर आ रही है। यहां अनौरा आंशिक मोहल्ले की विद्युत सप्लाई करीब 15 घंटे बाधित रही। वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद हालात ऐसे हैं कि कब बिजली आपूर्ति बाधित हो जाए और कब बहाल हो, इसका कोई निश्चित समय नहीं रह गया है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि लाइन में कहीं भी फाल्ट होने पर उसे समय से ठीक करने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी उपलब्ध नहीं रहता, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला नादरगंज पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले अनौरा आंशिक मोहल्ले का है। यहां लगे 100 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर में सोमवार रात अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते रात 10:30 बजे से करीब 2:30 बजे तक चार घंटे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। इस दौरान उपखंड अधिकारी (एसडीओ) और संबंधित अवर अभियंता के सीयूजी नंबर पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। बाद में स्थानीय कर्मचारियों को सूचना देकर किसी तरह आपूर्ति बहाल कराई गई। मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे एक बार फिर बिजली गुल हो गई। कर्मचारियों ने काफी प्रयास के बाद रात करीब 10:30 बजे दूसरे ट्रांसफार्मर से लाइन जोड़कर सप्लाई शुरू कराई, लेकिन मात्र आधे घंटे बाद ही आपूर्ति दोबारा बाधित हो गई। इससे करीब 100 घरों में अंधेरा छा गया और भीषण गर्मी में लोग बेहाल हो उठे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक बार फिर अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन इस बार भी उनके फोन नहीं उठे। अंततः विद्युत कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर मंगलवार देर रात करीब 3:30 बजे खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर आपूर्ति बहाल की। करीब 15 घंटे तक बिजली बाधित रहने से लोगों को गर्मी में रातभर जागकर समय बिताना पड़ा। कूलर और पंखे बंद रहने से हालात और भी बदतर हो गए। इस घटना के बाद क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में विभागीय अधिकारियों के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद अधिकारियों की जवाबदेही लगभग खत्म हो गई है। गौरतलब है कि यह समस्या केवल नादरगंज तक सीमित नहीं है। सरोजनीनगर क्षेत्र के बनी, बंथरा, बिजनौर और हरौनी समेत कई इलाकों में बीते कई दिनों से अघोषित बिजली कटौती का सिलसिला लगातार जारी है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

# पुलिस का सरहनीकार्य, ट्रेन की चपेट में आने से 14 वर्षीय किशोर की जान बचाई



**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक 14 वर्षीय किशोर की जान उस समय बच गई, जब रेलवे पटरी पर पहुंचा बच्चा ट्रेन की चपेट में आने ही वाला था। लेकिन मौके पर वीआईपी ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस के मुताबिक प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुशांत गोल्फ सिटी थाने के दरोगा धर्मेंद्र सोनकर और कांस्टेबल सुजीत सिंह बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे कानपुर रोड पर बीमा अस्पताल के पास वीआईपी ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान आलमनगर-उतरठिया रेलवे लाइन पर एक किशोर पटरी पर घूमता दिखाई दिया। वहीं कुछ दूरी पर ट्रेन भी आती नजर आ रही थी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए दोनों पुलिसकर्मी तुरंत दौड़कर पटरी पर पहुंचे और किशोर को हटाकर सुरक्षित नीचे ले आए। जवाकि कुछ ही क्षण बाद ट्रेन वहां से गुजर गई। फिलहाल पुलिस की इस तत्परता से एक बड़ी अनहोनी टल गई। पुलिस पूछताछ में किशोर ने खुद को हरदोई जिले के संडीला और वर्तमान समय पारा के सूर्य नगर में परिवार सहित रहकर कपड़ा बेचने की फेरी लगाने वाले व्यक्ति का बेटा बताया।इसके बाद पुलिस कर्मियों ने बच्चे के परिजनों को इसकी सूचना दी। बाद मेंपुलिस कर्मियों नेकिशोर को सूचना पाकर पहुंचे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस कर्मियों की सराहना करते हुए उनका आभार जताया।

# स्मृति द्वार हटाने से नाराज विधायक के बेटे ने पद से दिया इस्तीफा

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मोहान-मलिहाबाद रोड तिराहे (तहसील रोड) पर महाराजा मल्लिहा पासी स्मृति द्वार को हटाए जाने के विरोध में पांचवें दिन भी धरना जारी रहा। स्मृति द्वार को पुनः स्थापित किए जाने की मांग को लेकर लोगों में आक्रोश बना हुआ है। बताया जा रहा है कि विधायक जयदेवी कौशल द्वारा बनवाया गया यह स्मृति द्वार बीते मंगलवार रात प्रशासन द्वारा हटा दिया गया था। इसके विरोध में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर और विधायक जयदेवी कौशल के नेतृत्व में शनिवार से लगातार धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। धरने में समर्थक भी शामिल होकर स्मृति द्वार को पुनः स्थापित करने की मांग कर रहे हैं। वहीं, इस पूरे मामले में अनुसूचित मोर्चा की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया न आने से नाराजगी भी सामने आई है। इसी के चलते जयदेवी कौशल के पुत्र और



अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विकास किशोर आशू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने संगठन की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। धरना स्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि जब तक स्मृति द्वार को दोबारा नहीं लगाया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं दिया गया है, जिससे लोगों में असंतोष बना हुआ है।

# आवास विकास के फ्लैटों पर 15 प्रतिशत की छूट समाप्त

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। आवास विकास परिषद की विभिन्न योजनाओं में खाली फ्लैटों पर चल रही 15 प्रतिशत छूट समाप्त हो गई है। अब फ्लैट खरीदारों को पूरी कीमत देनी होगी। आवास विकास परिषद की बुधवार को हुई बोर्ड बैठक में फिलहाल छूट बढ़ाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है। इसके अलावा बोर्ड ने जमीनों के रेट को बढ़ाने की सहमति दे दी है। हालांकि संपत्ति की नई गणना नीति को देखते हुए यह शर्त लगा दी है बढ़ोत्तरी उन्हीं योजनाओं में की जाएगी जहां पर जमीन के रेट डीएम सर्किल रेट से कम होंगे। इसका परीक्षण करने के लिए एक समिति बना दी है जो एक सप्ताह के अंदर अपनी रिपोर्ट देगी। उसके बाद योजनाओं में जमीनों के बढ़े दाम की दरें साफ हो सकेंगी। प्रमुख सचिव आवास पी गुरु प्रसाद की अध्यक्षता में हुई उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की 277वीं बोर्ड बैठक में 61 प्रस्ताव रखे गए, इसमें से सिर्फ 31 प्रस्तावों को ही पास किया गया। आवास विकास परिषद के सचिव नीरज शुक्ला ने बताया कि 31 मार्च तक परिषद खाली पड़े फ्लैटों की बिक्री पर 15 प्रतिशत तक की छूट दे रहा था। यह छूट नहीं बढ़ाई गई है। इस समय परिषद के प्रदेश भर में करीब 7000 फ्लैट खाली हैं और अब पूरी कीमत पर मिलेंगी। बोर्ड ने छूट को नहीं बढ़ाया है। बोर्ड का मानना है कि छूट कितनी दी जाए यह संपत्ति की नई गणना नीति से देख लिया जाए और यह भी ध्यान रखा जाए कि छूट इतनी न दे दी जाए कि फ्लैट की कीमत उससे भी कम हो जाए जितनी उसकी कीमत पहली बार तय हुई थी। ऐसे में जब परीक्षण कर लिया जाएगा तभी छूट का लेकर निर्णय लिया जाएगा। प्रदेश भर में जो करीब सात हजार फ्लैट खाली हैं उनमें 2033 फ्लैट लखनऊ की मुन्नू खेड़ा व अन्य योजनाओं में खाली हैं। मुन्नू खेड़ा के जो फ्लैट हैं उनकी कीमत 15 से 20 लाख रुपये के बीच है और बाकी की 90 लाख से 1.50 करोड़ तक है। सचिव ने कहा कि फ्लैट खरीदार को 60 दिन में एकमुश्त पैसा जमा करने पर जो छह प्रतिशत तक की छूट दी जाती है व मिलेगी। सचिव ने बताया कि परिषद की योजनाओं में जमीन के रेट बढ़ने हैं मगर कितनी बढ़ोत्तरी होगी यह अभी बोर्ड में तय नहीं हो पाया है। बोर्ड ने साफ किया है कि संपत्ति की नई गणना नीति के तहत ही जमीनों के रेट बढ़ाए जाएं। इसमें यह ध्यान रखा जाए किसी भी योजना में जमीन के रेट वहां के डीएम सर्किल रेट से अधिक न हों। हालांकि जहां पर रेट पहले से अधिक होंगे वहां पर कम करने की बात अभी नहीं हैं लेकिन जहां पर कम होंगे वहां पर डीएम सर्किल रेट से अधिक नहीं किए जाएंगे। परिषद की करीब 40 प्रतिशत कॉलोनियों में जमीन के रेट डीएम सर्किल रेट से अधिक हैं। बोर्ड ने परीक्षण के लिए एक समिति बना दी है। यह एक सप्ताह में परीक्षण कर जमीनों के रेट तय कर देगी।

# छात्रा की मौत के मामले में पिता ने युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की कराई रिपोर्ट दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते रविवार शाम बीटेक फाइनल ईयर की छात्रा की संदिग्ध हालत में हुई मौत के मामले में मृतका के पिता ने छात्रा के बगल में रहने वाले युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताते चलें कि अयोध्या जिले के रौनही थाना अंतर्गत कैटरोली निवासी हार्डवेयर दुकान चलाने वाले अमर बहादुर यादव की 25 वषीर्या बेटी वैष्णवी यादव बिजनौर थाना क्षेत्र के सीमा सिटी में पिछले 4 वर्षों से किराए पर रहकर एक कॉलेज में बीटेक फाइनल ईयर की छात्रा थी। साथ ही वह अपने बगल में किराए पर रहने वाले उदित नामक युवक के साथ एक प्राइवेट कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर वर्क फ्रॉम होम के तहत काम करती थी।रविवार शाम उसका शव संदिग्ध





हालत में उसके कमरे के अंदर मिला था। इस मामले में पुलिस ने शुरूआतीजांच में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात बताई थी। पुलिस ने यह बात उदित से पूछताछ के बाद बताई थी। पुलिस पूछताछ में उदित ने बताया था कि उसने कई बार वैष्णवी को फोन किया, जब फोन नहीं रिसीव हुआ तब वह उसके दरवाजे पर गया तो दरवाजा अंदर से बंद मिला।जिस पर उदित ने धक्का मारा तब दरवाजा खुला और वैष्णवी कमरे के अंदर पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। जिसके बाद उसने उसको नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। वहीं इस घटना के मामले में वैष्णवी के पिता अमर बहादुर यादव ने उदित मिश्रा पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि घटना स्थल और परिस्थितियां अत्यंत संदिग्ध प्रतीत हो रही थी। उन्होंने कहा है कि उदित मिश्रा उनकी बेटी वैष्णवी को मानसिक, शारीरिक और अन्य तरीके से प्रताड़ित कर रहा था। जिसके कारण यह घटना घटित हुई है। उन्होंने उदित मिश्रा से सख्ती से पूछताछ करने के अलावा मोबाइल कॉल डिटेल, चैट और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों की जांच करने के साथ दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।फिलहाल पुलिस ने अमर बहादुर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हीट स्ट्रोक से उपचार के लिए अस्पतालों में बनेंगे कोल्ड रूम

## मई-जून में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** तेज धूप के साथ गर्म हवाओं ने दस्तक दे दी है। अस्पतालों की ओपीडी से लगाकर इमरजेंसी तक हीट वेव के लक्षणों वाले मरीज पहुंचने लगे हैं। हालांकि, हीट वेव से बचाव के लिए राजधानी के प्रमुख अस्पतालों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) तक कोल्ड रूम बनाने की तैयारी जोरों पर हैं। विशेषज्ञों के अनुसार लू से बचाव जरूरी है, ताकी उपचार की जरूरत न पड़े। मौसम विभाग ने तापमान में बढ़ोतरी के संकेत हैं। मई-जून में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।




बुधवार को बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में डिहाईड्रेशन और डायरिया से पीड़ित कई मरीज पहुंचे, इनमें बड़ी-छोटी सभी आयु वर्ग के महिला-पुरुष शामिल थे। यह मरीज शहर के विभिन्न इलाकों के निवासी हैं। फिजीशियन डा. विष्णु कुमार ने बताया कि दोहपर की गर्म हवाएं लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रही हैं, इससे बचाव की जरूरत है। दूसरी तरफ इमरजेंसी मेडिकल आफीसर सर्वेश सिंह कहते हैं कि पिछले एक सप्ताह से डिहाईड्रेशन के मरीज आने लगे हैं। कुछ इसी प्रकार डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल और आशियाना स्थित लोकबंधु अस्पताल में देखने को मिला। लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि इमरजेंसी परिसर में ओआरएस कार्नर की शुरुआत हो चुकी है, इसका लाभ मरीज या उनके तीमारदार भी ले सकते हैं।

फिलहाल, गर्मी में होने वाले हीट स्ट्रोक के मामलों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। इसके लिए जिला अस्पताल से लेकर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों परकूल रूम बनाए जा रहे हैं। ओआरएस कॉर्नर भी संचालित होंगे। काकोरी सीएचसी के प्रभारी डा. केडी मिश्रा ने बताया कि कोल्ड रूम में 4 बेड व अन्य इंतजाम किये गये हैं। जिला स्वास्थ्य अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि हीट वेव को लेकर शासन से एडवाइजरी आ चुकी है। जल्द ही अस्पतालों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, ताकि लोग गर्मी के कारण होने वाली बीमारियों से बच सकें।

### क्या है हीट स्ट्रोक

हीट स्ट्रोक को आम भाषा में 'लू लगना' भी कहते हैं, यह एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी है। यह तब होता है जब शरीर का तापमान नियंत्रण तंत्र काम करना बंद कर देता है। शरीर का आंतरिक तापमान अधिक हो जाता है। ऐसे में शरीर को ठंडा करने की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति में कोल्ड रूम उपचार काफी सहायक साबित होता है।

**लू लगने के लक्षण :** ■ तेज बुखार : शरीर का तापमान अचानक बहुत बढ़ जाना और लगातार बने रहना। ■ मानसिक स्थिति में बदलाव : भ्रम, चिड़चिड़ापन, बोलने में लड़खड़ाहट या बेहोशी। ■ पसीना न आना : त्वचा का लाल, गर्म और बिल्कुल सूखा हो जाना। ■ सिरदर्द , तेज धड़कन के साथ चक्कर आना और उल्टी महसूस होना।

**बचाव के तरीके :** ■ दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें। ■ सूती और ढीले कपड़े पहनें। छाता, टोपी या तौलिए से सिर ढकें। ■ खाली पेट बाहर न जाएं, पर्याप्त पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें। ■ चक्कर, बुखार या उल्टी होने पर अस्पताल के "कूल रूम" में संपर्क करें।

# कविताओं और विचारों के जरिए दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बुधवार को उत्तर प्रदेश सचिवालय में पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम शासन की नीतियों के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) हरिशंकर मिश्र रहे, जबकि अध्यक्षता संस्थान की उपाध्यक्ष एवं पत्रिका अपरिहार्य की संपादक डॉ. शोभा दीक्षित भावना ने की। सचिवालय में निजी सचिव सर्वेश कुमार मिश्र कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। वाणी वंदना डॉ. उमेश ह्यआदित्यह्न ने प्रस्तुत की, जबकि संचालन चंद्रदेव दीक्षित चंद्र ने किया।

अतिथियों को स्मृति चिन्ह, पुस्तकें, अंगवस्त्र एवं मालाओं से सम्मानित किया गया। गोष्ठी में सुरेंद्र



शर्मा, विपुल कुमार मिश्र, राजश्री दुबे, श्रवण कुमार, रामराज भारती, डॉ. हरी प्रकाश हरि, रेनू वर्मा, मीना गौतम, अलका शर्मा, सुनीता अग्रवाल, अलका अस्थाना, सुनील सोनकर, अखिलेश त्रिवेदी शाश्वत, आदित्य तिवारी सहित अनेक साहित्यकारों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान कवियों और वक्ताओं ने अपनी रचनाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्व रेखांकित किया। मीना गौतम ने जल संरक्षण को पर्यावरण सुरक्षा का आधार बताया, वहीं राजश्री दुबे ने हरे-भरे वातावरण और विनाशकारी विकल्पों के बीच चयन की आवश्यकता पर जोर दिया।

## संक्षेप

### अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन पत्र हुए दाखिल

बीघापुर, उन्नाव। बार एसोसिएशन तहसील बीघापुर के वार्षिक चुनाव मे बुधवार को नामांकन के आखिरी दिन अध्यक्ष पद के लिए चंद्रकान्त बाजपेई , कृष्णपाल सिंह चौहान , व राम प्रकाश शर्मा ने नामांकन दाखिल किया ।महामंत्री पद के लिए अजय कुमार व सुरेश कुमार सिंह ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए सुनील कुमार श्रीवास्तव , कोषाध्यक्ष पद के लिए दीपक कुमार ने नामांकन किया । अन्य पदों के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन न करने पर उनका चुनाव बाद मे होगा । चुनाव अधिकारी रणविजय सिंह एडवोकेट ने बताया कि 30 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच , 2 मई को नामांकन पत्रों की वापसी , 4 मई को अन्तिम उम्मीदवारों का प्रकाशन किया जाएगा ।15 मई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान एवं 4:30 बजे के बाद मतगणना होगी । कोषाध्यक्ष और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर केवल एक एक नामांकन होने से निर्विरोध चुना जाना तय है

### पिता की डॉट से क्षुब्ध किशोरी ने निगला जहरीला पदार्थ

सफीपुर, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी ने पिता की डॉट के बाद जहरीला पदार्थ निगल लिया।किशोरी की हालत गंभीर बताई जा रही है उसे सी एच सी सेजिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।कोतवाली क्षेत्र केमवई बृह्मनान गांव निवासी पप्पू की 16 वर्षीय बेटी हिना को घरेलू कामों में लापरवाही के लिए उसके पिता पप्पू ने डांटा था। इसके बाद हिना ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया।हिना की हालत बिगड़ने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। पिता पप्पू ने तत्काल परिजनों के साथ मिलकर बेटी को अपने निजी वाहन से सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर राहुल वर्मा ने किशोरी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत तीन घायल

सफीपुर उन्नाव कोतवाली क्षेत्र के रसूलाबाद-सफीपुर मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर हो गई।इस हादसे में एक पूर्व ग्राम प्रधान सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल उन्नाव रेफर किया गया है। बुधवार शाम करीब चार बजे, थाना माखी क्षेत्र के रग्घा खेड़ा गांव निवासी संदीप (30) अपने सात वर्षीय बेटे रुद्र और पत्नी सुगम (26) के साथ बाइक से मऊ मंसूरपुर गांव जा रहे थे। वे अपने मामा भैया लाल के बेटे विजय के तिलक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।सफीपुर-रसूलाबाद मार्ग पर नया खेड़ा गांव के पास उनकी बाइक आगे चल रही एक अन्य बाइक से टकरा गई। दूसरी बाइक पर कोतवाली क्षेत्र के मवई लाल गांव निवासी पूर्व ग्राम प्रधान भगवानदीन (62) और उनकी पारिवारिक बहन मुन्नी (50) सवार थीं। राहगीरों की मदद से घायलों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी सफीपुर पहुंचाया गया। वहां डॉ. राहुल वर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया। इस दुर्घटना में बाइक सवार संदीप की पत्नी सुगम और पुत्र रुद्र बाल-बाल बच गए।

# मुंडन की खुशियां मातम में बदलीं: सड़क हादसे में 6 की मौत, पांच गंभीर रूप से घायल

## सीएम ने जताया शोक मृतक परिजनों को दो-दो लाख रु0 देने की घोषणा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र केरायबरेली मार्ग पर बुधवार सुबह हुआ भीषण सड़क हादसा पूरे जिले के लिए दर्दनाक त्रासदी बन गया। बिहार थाना क्षेत्र के कीरतपुर गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो दो ट्रकों के बीच फंसकर ऐसी पिसी कि मुंडन संस्कार की खुशियां पलभर में चीख-पुकार और मातम में बदल गईं।हादसे में 5 महिलाओं और बोलेरो चालक समेत कुल 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 मासूम बच्चों समेत 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।मौरावां थाना क्षेत्र के पठई गांव निवासी सूरज सिंह (28) अपने ढाई वर्षीय बेटे शुभ सिंह (2.5 वर्ष) का मुंडन कराने परिवार और रिश्तेदारों के साथ बोलेरो से बक्सर गांव स्थित चंडिका देवी मंदिर जा रहे थे। बोलेरो में कुल 11 लोग सवार थे। सुबह करीब 10:30 बजे कीरतपुर गांव के पास बोलेरो चालक रामधनी ओवरटेक करने के प्रयास में आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया।इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने भी बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी।दोनों ट्रकों के बीच फंसकर बोलेरो बुरी तरह पिचक गई और सड़क किनारे करीब 6 फीट गहरी खाई में पलट गई।पीछे चल रहा ट्रक भी नियंत्रण खोकर खाई में जा गिरा।हादसा इतना भीषण था कि मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के रोंगटे खड़े हो गए।खाई में बोलेरो मलबे में तब्दील हो चुकी थी।कई लोग उसमें फंसे थे, चारों तरफ चीख-पुकार मची थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शव क्षत-विक्षत हालत में पड़े थे।एक महिला का सिर धड़ से अलग होकर दूर जा गिरा, जबकि अन्य महिलाओं के शव बुरी तरह कटे हुए मिले।हादसे में बोलेरो चालक




रामधनी, देवरानी-जेठानी, उनकी दो बेटियों और एक पड़ोसी महिला समेत 6 लोगों की मौत हुई। मृतकों की पहचान रानी देवी (32) पत्नी दुर्गेश सिंह, पूनम देवी (35) पत्नी कल्लू सिंह, आरती (12) पुत्री पूनम, सोनम (10) पुत्री रानी, पड़ोसी महिला विमला देवी (40) तथा चालक रामधनी (45) के रूप में हुई। सभी मौरावां क्षेत्र और आसपास के गांवों के निवासी बताए गए हैं।घायलों में सूरज सिंह (28), उनकी बेटी भारती (5), बेटा शुभ सिंह (ढाई वर्ष), गौरी (13) पुत्री दुर्गेश सिंह, निवासी निगोहा लखनऊ, तथा बउआ (8) पुत्र कल्लू शामिल हैं। सभी को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ घायलों का इलाज जिला अस्पताल तो कुछ का लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में जारी है।घायल बच्ची गौरी (13) ने दर्दनाक मंजर बताते हुए कहा, ह्लमैं गाड़ी में सो रही थी। अचानक बहुत तेज झटका लगा।मेरी आंख खुली तो लोग मेरे ऊपर गिरे पड़े थे। मैं दब गई थी, कुछ समझ नहीं आ रहा था।ह्व बच्ची की यह बात सुनकर अस्पताल में मौजूद लोग भी भावुक हो उठे।बोलेरो चालक रामधनी के भतीजे गोलू ने बताया कि उनके चाचा किराए पर गाड़ी चलाते थे और गांव के इस परिवार को मुंडन संस्कार के लिए लेकर गए थे। किसी ने सोचा भी नहीं था कि खुशियों का यह सफर मौत में बदल जाएगा।

हादसे की सूचना मिलते ही बिहार थाना पुलिस, स्थानीय प्रशासन और राहत टीमें मौके पर पहुंचीं। ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया।क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बोलेरो को खाई से बाहर निकाला गया।हादसे के बाद दोनों ट्रकों के चालक और खलासी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।सीओ बीघापुर मधुपनाथ मिश्रा ने बताया, ह्लएक परिवार मुंडन कराने मंदिर जा रहा था। ओवरटेक के दौरान बोलेरो ट्रक से टकराई, फिर दूसरा ट्रक भी भिड़ गया।हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है।ह्वहादसे की खबर फैलते ही मौरावां के पठई गांव में कोहराम मच गया। एक ही परिवार की कई महिलाओ की मौत से पूरे गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जिन घरों में बच्चे के मुंडन की तैयारी थी, वहां अब चीत्कार गूंज रही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक जताया है और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।साथ ही घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए गए हैं।यह हादसा सिर्फ सड़क दुर्घटना नहीं, कई परिवारों की जिंदगी उजाड़ देने वाली त्रासदी बन गया। मुंडन संस्कार की खुशी लेकर निकला परिवार मौत के ऐसे मंजर में फंस गया, जिसकी तस्वीरें और दर्द लंबे समय तक लोगों के जेहन से मिट नहीं पाएंगे। इस मौके पर जिलाधिकारी उन्नाव घनश्याम मीणा व उप जिला पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव सहित सभी लोग जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों के हाल-चाल लिए और बेहतर इलाज के लिए उन्होंने अस्पताल स्टाफ को दिशा निर्देश दिए

# पिकअप लोडर ने बाइक सवार को मारी टक्कर किशोर की मौत

अमन लेखनी समाचार


बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के संडीला मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग के पास बुधवार सुबह अनियंत्रित पिकअप ने खडी.बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर से बाइक सवार तीन बच्चे और मां गंभीर रूप से घायल हो गए जब भी बाइक सवार पिता बाल बाल बच गया ।राहगीरों की सहायता से घायलों को यहां के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों की हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

औरास थाना क्षेत्र के मवई धोबियाना निवासी किशनपाल अपनी पत्नी सोमवती व 11 वर्षीय पुत्र प्रांशु तथा 7 वर्षीय हिमांशी और 4 वर्षीय सितांशु के साथ बाइक द्वारा क्षेत्र के ग्राम माखनखेड़ा स्थित रिश्तेदारी जा रहा था ।पूर्वाह्न करीब 11 बजे नगर के संडीला रोड स्थित रेलवे क्रासिंग पर जाम लगा था। इसी जाम में कृष्णपाल की बाइक भी फंसी थी।इस बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने खडी. बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्रांशु और सोमवती सहित सभी बच्चे उछल कर दूर जा गिरे ।हादसे में सभी गंभीर रूप से घायल हो गये।जबकि किशनपाल और सबसे छोटा बच्चा सीतांशु बाल बाल बच गया। प्रत्यक्ष दर्शियो की सहायता से सभी घायलों को यहाँ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।, जहां चिकित्सक ने प्रांशु (11) को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल मां और छोटे भाई हिमांशु को जिला

# पिकअप लोडर ने बाइक सवार को मारी टक्कर किशोर की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के संडीला मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग के पास बुधवार सुबह अनियंत्रित पिकअप ने खडी.बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार तीन बच्चे और मां गंभीर रूप से घायल हो गए जब भी बाइक सवार पिता बाल बाल बच गया । राहगीरों की सहायता से घायलों को यहां के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों की हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।औरास थाना क्षेत्र के मवई धोबियाना निवासी किशनपाल अपनी पत्नी सोमवती व 11 वर्षीय पुत्र प्रांशु तथा 7 वर्षीय हिमांशी और 4 वर्षीय



सितांशु के साथ बाइक द्वारा क्षेत्र के ग्राम माखनखेड़ा स्थित रिश्तेदारी जा रहा था ।पूर्वाह्न करीब 11 बजे नगर के संडीला रोड स्थित रेलवे क्रासिंग पर जाम लगा था।इसी जाम में कृष्णपाल की बाइक भी फंसी थी।इस बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने खडी. बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्रांशु और सोमवती सहित सभी बच्चे उछल कर दूर जा गिरे ।हादसे में सभी गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि किशनपाल और सबसे छोटा बच्चा सीतांशु बाल बाल बच गया।प्रत्यक्ष दर्शियो की सहायता से सभी घायलों को यहाँ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।, जहां चिकित्सक ने प्रांशु (11) को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल मां और छोटे भाई हिमांशु को जिला अस्पताल रेफर किया गया । हंसते खेलते बच्चे की मौत से घर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वहीं पिकअप और चालक को कब्जे में ले लिया है और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मौसम ने ली करवट तेज हवाओ के साथ हुई बारिश



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।मियागंज ब्लॉक क्षेत्र में बुधवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया। तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे कुछ किसानों की फसलों का नुकसान हुआ ब्लॉक क्षेत्र के आसीवन तरफ पश्चिम, कादिरपुर, हैदराबाद, मियागंज, सहबसी, खैरनपुर गवासा, खानपुर पीर अली, कुल्हा अटौरा मुजफ्फरपुर सर्रा और मुरव्वतपुर सहित कई गांवों में दोपहर में काले बादलों के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया।इसके बाद तेज हवाओं के साथ गरज और चमक के साथ भारी बारिश हुई और ओले गिरे। इस ओलावृष्टि और बारिश से क्षेत्रीय किसानों की फसलों को बड़ा नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अधिकांश किसान अपनी फसलें काट चुके हैं, लेकिन कुछ किसानों की फसलें अभी भी खेतों में पड़ी हुई हैं, जिससे उन्हें विशेष रूप से चिंता है।

# फैक्ट्री कर्मियों को लेकर जा रही निजी बस में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज चर्म इकाई में कार्यरत आधा सैकड़ा से अधिक श्रमिक एवं कर्मचारियों को लेकर जा रही प्राइवेट बस में उन्नाव लालगंज हाइवे पर अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया।चालक के सूझबूझ से बस में बैठी सवारियों ने खिड़की व दरवाजे से कूंद कर जान बचाई।आग से कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन पूरी बस धू धू कर आग के गोले में समा गई।सूचना दो दमकल वाहनों ने पहुंच कर आग पर काबू पाते इससे पहले पूरी बस जल गई।इस दौरान आवागमन बाधित हो जाने से लगे जाम में प्रधानमंत्री की रैली में जा रही बसे फंस गई। मौके पर सीओ ,एसएचओ ने मोर्चा संभाल रैली में जा रही बसों को दूसरी रूट का डिवाइडर फंदा कर रवाना कराया।

बारा सगवर थाना क्षेत्र के कई गांवों के महिला एवं पुरुष दही स्थित सुपर हाउस कंपनी में श्रमिक एवं सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत है कंपनी की ओर से जिनको लाने लेजाने के लिए प्राइवेट बस लगी है। बस चालक लक्ष्मी शंकर के अनुसार वह बुधवार की सुबह 60 कर्मचारियों को धानी खेड़ा से बस में बिठाकर कंपनी के लिए निकला था जिसमें पुरुषों के साथ महिलाएं सवार थी अभी वह उन्नाव लालगंज हाइवे स्थित पचोडडा गांव के पास पहुंचा था तो अचानक बस के इंजन से दुर्गंध आने के साथ धुआं उठते देख ब्रेक लगाकर वाहन को सड़क के किनारे रोक दिया।और सभी सवारियों से कहा तुरंत बस से बाहर निकलो गाड़ी में आग लग गई है।इतना कहते ही हड़कंप मच गया सभी यात्री अपना बैग,टिफिन झोला गाड़ी में ही छोड़ खिड़की दरवाजे से बाहर आ गए।देखते देखते पूरी बस धू धू कर जलने लगी।सूचना के 1 घंटा बाद दमकल वाहन पहुंचने से पूरी बस आग का गोला बन गई।दोनों ओर का ट्रैफिक रुक गया।बस के टायर जलते ही उसके फटने की आवाजें दूर दूर तक जाने से किसी की नजदीक जाने की हिम्मत नहीं पड़ी ।मोदी की रैली में जा रही बसों का काफिला रुक जाने से अफरातफरी मच गई।आनन फानन सीओ मधुपनाथ मिश्र,इंस्पेक्टर बृजेश शुक्ल ने मौके पर पहुंच रैली को बसों को विपरीत दिशा से पार कराया।इस दौरान दो घंटे आवागमन रुक रुक कर चलता रहा।

# पीएम को ज्ञापन सौंपने की भनक लगते ही पुलिस ने कोर्ट के अधिवक्ता को उनके आवास पर किया नजरबंद

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। वर्षों से गंगा किनारे प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण 40 किलोमीटर दूर स्थानांतरित किए जाने से नाराज कटरी बचाओ अभियान के नेतृत्व कर्ता हाई कोर्ट के अधिवक्ता संजीव त्रिवेदी ने इस मामले से संबंधित ज्ञापन मल्लावा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सौंपने का ऐलान किया था।इस मामले की भनक लगते ही मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने उन्हें उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने उनके घर के बाहर कड़ा पहरा लगा दिया और किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हलचल मच गई और समर्थकों में रोष देखने को मिला। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। ताकि किसी भी




प्रकार की अवांछनीय स्थिति उत्पन्न न हो। वहीं, घर में नजरबंद अधिवक्ता संजीव त्रिवेदी ने प्रशासन की इस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताते हुए कड़ा विरोध जताया।उन्होंने कहा कि कटरी क्षेत्र के निवासियों के अधिकारों की अनदेखी की जा रही है और उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ह्लजितनी हमारी आवाज दबाई जाएगी, आंदोलन उतना ही तेज होगा।उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई सिर्फ संजीव को रोकने के लिए नहीं ,बल्कि पूरे कटरी क्षेत्र की आवाज को कुचलने की साजिश है ।उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या लोकतंत्र में अब सवाल पूछना भी अपराध हो गया है ? क्या बाढ़ में डूबते लोगों के लिए न्याय मांगना भी गुनाह है ? उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की याद रखिए ! आवाजों को दीवारों में कैद नहीं किया जा सकता। कटरी का हक छीना गया है और अब यह लड़ाई हर घर की लड़ाई बनेगी। हम रुकेंगे नहीं , हम झुकेंगे नहीं ।कटरी बोलेगा - पूरा प्रदेश सुनेगा। फिलहाल, पूरे घटनाक्रम को लेकर प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है।

नजरबंदी के दौरान गंगा कटरी क्षेत्र के विकास को लेकर एडवोकेट संजीव त्रिवेदी ने अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया।उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य केवल कटरी क्षेत्र की तरक्की सुनिश्चित करना है।इस संबंध में वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन देकर अवगत कराना चाहते थे कि यदि केंद्र और प्रदेश सरकारें वास्तव में किसानों की हितैषी हैं, तो अब गंगा किनारे आगरा एक्सप्रेसवे से परियर तक कम से कम चार लेन का मजबूत बंधा बनाए । जिसका नाम किसान पथ रखा जाए। श्री त्रिवेदी ने कहा कि इस बंधे के निर्माण से कटरी क्षेत्र के लोगों को हर वर्ष आने वाली बाढ़ से राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी और यहां के निवासी मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे। उन्होंने इसे किसानों और स्थानीय लोगों के लिए जीवनरेखा बताया। ज्ञापन में पिछड़ा वर्ग के जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र पाल, शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव राजीव यादव सहित राम सेवक यादव, मनोज बाजपेई, संतोष यादव, प्रिंस शुक्ला, सुरेश कुमार, रामनाथ गौतम, राजू शर्मा, निर्मित शुक्ला, राजीव कुमार, अवधेश कुमार, और कौशल आदि आधा सैकड़ा लोग शामिल हुए। हाउस अरेस्ट के दौरान कस्बा चौकी इंचार्ज न्यूटन सिंह ने ज्ञापन प्राप्त कर उसे प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के परतनन गांव में 28 वर्षीय युवक सुशील ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार को उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला, जिससे परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल है। परिजनों के अनुसार, ईश्वरी के पुत्र सुशील (28) घर में पेंटिंग का काम करता था और इसी से परिवार का भरण-पोषण होता था।बुधवार को वह घर के अंदर एक कमरे में गया था, जहां कुछ देर बाद उसका शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलने पर अजगैन थाना पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे की वजह सामने आ सके।बताया जा रहा है कि मृतक सुशील की शादी लगभग छह वर्ष पहले हुई थी और उसके दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा और एक बेटी शामिल हैं।इस घटना के बाद पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन इस अचानक हुई घटना से सदमे में हैं और अभी कुछ भी स्पष्ट बताने की स्थिति में नहीं हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुशील मेहनती स्वभाव का व्यक्ति था और पेंटिंग का काम करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था।उसकी आत्महत्या की खबर से गांव में हर कोई हैरान है। लोग घटना के पीछे के कारणों को लेकर तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस वजह सामने नहीं आई है।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# युवती की शादी में युवक बना रोड़ा दर्ज हुआ मुकदमा




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।थाना बारा सगवर अन्तर्गत लड़की की शादी न होने देने पर पीड़िता ने नामजद तहरीर दिया जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के एक गाँव से माँ ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी लड़की की शादी पिपरी गाँव में तय किया था लेकिन अमर सिंह पुत्र श्रीराम निवासी कोडिया थाना औंग जिला फतेहपुर ने रुकवा दिया था इसके वाद जब दूसरी जगह सादी तय किया इस सादी को उसने रुकवा दिया और कहता है कि हम सादी करेंगे अगर सादी नहीं करोगी तो हम तुम्हारे दरवाजे जहर खा कर मर जायेंगे वरना तुम्हारे मां वाप व भाई को जान से मार देंगे ।इसी बात को लेकर रविवार को किसोर अपसरी खेड़ा के हमारे आदमी को हमारे लड़के को बुला कर लाठी डण्डो से काफी मारा ।थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# शादी से पहले दूल्हे की मौत

## सड़क हादसे में हो गया था घायल, बरेली से बारात लेकर शाहजहांपुर पहुंचा था

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर , बरेली में एक सड़क हादसे में घायल 25 वर्षीय युवक संजू की शाहजहांपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह हादसा संजू की शादी से ठीक 24 घंटे पहले हुआ था।घायल होने के बावजूद संजू अपनी बारात लेकर पहुंचा और दूल्हा बनकर बग्गी पर भी बैठा, लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह फेरे नहीं ले पाया। संजू बरेली जिले के थाना फरीदपुर क्षेत्र के करनपुर इलाका शंकरपुर का निवासी है।25 वर्षीय संजू की शादी थाना तिलहर क्षेत्र के रजपुरी गांव में तय हुई थी। 27 अप्रैल को संजू को दूल्हा बनकर बारात लानी थी। 26 अप्रैल की रात करीब नौ बजे, संजू अपने कुछ मेहमानों को लेने के लिए बाइक से केसरपुर जा रहा था, तभी एक ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के दोनों पहिये उसके निचले हिस्से से गुजर गए।

### हादसे में संजू की आंतें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई

हादसे के बाद परिजनों ने घायल संजू को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। 27 अप्रैल की शाम तक उसकी हालत में कुछ सुधार हुआ, तो संजू ने शादी करने का फैसला किया। डॉक्टरों ने उसे दो घंटे की छुट्टी दी, ताकि वह विवाह संपन्न कराकर वापस अस्पताल में भर्ती हो सके। परिजन घायल संजू को दूल्हा बनाकर सीधे रजपुरी गांव पहुंचे, जहां



बारात आनी थी। संजू को बग्गी पर बैठाया गया और धूमधाम से गाने बजाए गए। हालांकि, कुछ ही देर में उसकी तबीयत फिर से बिगड़ने लगी।इसके बाद उसे 27 अप्रैल की रात ही शाहजहांपुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद परिवार को बताया कि हादसे में संजू की आंतें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थीं। उसकी शादी अधूरी रह गई और इलाज के दौरान बुधवार सुबह करीब करीब पांच बजे उसकी मौत हो गई। शाहजहांपुर में ही शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। संजू के परिवार ने दुल्हन को दिए जाने वाले सामान को उसके परिजनों को सौंप दिया। गौरतलब है कि 27 अप्रैल को ही संजू के पिता को भी एक बाइक ने टक्कर मार दी थी और उनका इलाज बरेली के अस्पताल में चल रहा है।

## सम्पादकीय

# दुनिया को भारी पड़ रही दबाव की राजनीति

अमेरिका-ईरान वार्ता में अब दोनों देश दबाव की राजनीति पर उतर आए हैं। अमेरिका जहां होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी कर दबाव बनाना चाहता है, वहीं ईरान होर्मुज को रोककर दुनिया पर दबाव बना रहा है। इससे तेल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। यही बढ़ोतरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दबाव में लाती है। यह बात ईरान भी समझ गया है कि इससे खाड़ी में अमेरिका के सहयोगी देशों पर भी दबाव पड़ता है, जिसका असर ट्रंप पर भी दिखाई देता है। दोनों देश यह खेल अपनी-अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए खेल रहे हैं। इसलिए यहां कूटनीति के बजाय दबाव की राजनीति हावी होती दिख रही है। संवाद की जगह रणनीतिक दबाव ने ले ली है। नतीजा यह है कि तनाव केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया इसकी कीमत चुका रही है। ईरान अमेरिका की शर्तों को पहले ही नकार चुका है। उसने शनिवार को पाकिस्तान में उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को अपनी नई मांगों का लंबा- चौड़ा पर्चा थमा दिया। इसके बाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का पाक दौरा रद्द हो गया और वार्ता का यह दौर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया। ईरान यह बात पूरी तरह से समझ गया है कि ट्रंप अब खाड़ी युद्ध से निकलने का बहाना ढूंढ रहे हैं। इसमें ईरान से ऐसा आश्वासन चाहते हैं कि वह कह सकें कि वे जीत गए हैं। ईरान भी कुछ इस तरह का ही आश्वासन चाहता कि वह भी कह सके कि हम भी जीत गए हैं। अमेरिका की रणनीति भी कम आक्रामक नहीं है। वह दबाव बनाकर 'अनुकूल समझौता' चाहता है, ऐसा समझौता जिसे घरेलू राजनीति में जीत के तौर पर पेश किया जा सके, लेकिन यही वह बिंदु है, जहां कूटनीति कमजोर पड़ जाती है। जब वार्ता का उद्देश्य समाधान के बजाय 'जीत का नैरेटिव' बन जाता है तो समझौते की संभावनाएं स्वतः सीमित हो जाती हैं। असल समस्या यह है कि दोनों पक्ष "झुकने" को कमजोरी मान रहे हैं, जबकि कूटनीति में यही झुकाव समाधान का रास्ता खोलता है। इतिहास गवाह है कि बड़े से बड़े संकट भी तब सुलझे हैं, जब पक्षों ने अपने अहंकार को पीछे छोड़कर व्यावहारिकता को अपनाया है। मौजूदा हालात में न तो अमेरिका पीछे हटने को तैयार दिखता है और न ही ईरान। यह गतिरोध केवल क्षेत्रीय संकट नहीं है। इसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जा रहा है। अगर यह टकराव और बढ़ता है तो इसके परिणाम और गंभीर हो सकते हैं। एक क्षेत्रीय विवाद वैश्विक संकट में तब्दील हो सकता है, जिसकी कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ेगी। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि संवाद के रास्ते बंद होते जा रहे हैं। जब वार्ता शुरू होने से पहले ही रद्द हो जाए, तो यह संकेत है कि विश्वास का संकट गहरा चुका है। ऐसे माहौल में छोटी-सी चिंगारी भी बड़े टकराव का रूप ले सकती है। ऐसे में यह गतिरोध कब टूटेगा, यह कहना बेहद मुश्किल है, लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका समेत दुनिया के लोग इस अहम के टकराव का नतीजा भुगत रहे हैं। दबाव की राजनीति अल्पकालिक जीत तो दिला सकती है, लेकिन स्थायी शांति नहीं। अमेरिका और ईरान दोनों को यह समझना होगा कि शक्ति प्रदर्शन से ज्यादा प्रभावी है संतुलित और सम्मानजनक संवाद। दुनिया आज जिस अस्थिरता से गुजर रही है, उसमें टकराव नहीं, बल्कि समाधान की जरूरत है। अगर समय रहते यह समझ नहीं आई, तो यह 'दबाव का खेल' पूरी दुनिया पर भारी पड़ता रहेगा।

## आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# भारत से खाद्यान्न निर्यात होने का नया परिदृश्य

हाल ही में केंद्र सरकार ने गेहूं निर्यात को 25 लाख टन से बढ़ाकर 50 लाख टन किए जाने का निर्णय लिया है। साथ ही 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की भी अनुमति दी है। इससे जहां वैश्विक खाद्य संकट के बीच गेहूं की वैश्विक आपूर्ति में मदद मिलेगी, वहीं घरेलू बाजार में स्थिरता बनाए रखने और किसानों को लाभकारी मूल्य मिलना भी सुनिश्चित हो सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में यह बात भी महत्वपूर्ण है कि 24 अप्रैल को केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए वर्ष 2026-27 का लक्ष्य 15 प्रतिशत बढ़ाकर 3.45 करोड़ टन कर दिया है, जो अब तक का गेहूं खरीद का रिकॉर्ड स्तर है। इससे गेहूं उत्पादक किसान अत्यधिक लाभांवित होंगे। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में संघर्ष से दुनियाभर में खाद्य संकट बढ़ गया है। चूंकि इस युद्ध के कारण उर्वरकों की भारी कमी और वैश्विक आपूर्ति शृंखला को नुकसान पहुंचा है, उसे ठीक होने में महीनों लग सकते हैं, अतएव दुनिया में खाद्यान्न के दाम ऊंचे बने रहने के साथ खाद्य सुरक्षा के लिए संकट बना रहने का खतरा है। हाल ही में प्रकाशित वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) की रिपोर्ट के मुताबिक इस समय दुनिया में 31.9 करोड़ लोग भूख से पीड़ित है। अब पश्चिम एशिया दुनिया के लाखों अतिरिक्त लोग भूखमरी का शिकार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसी भयावह वैश्विक भूख की चुनौती के बीच भारत खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में अनुकूल स्थिति में है और दुनिया को भूख की चुनौती से राहत दिलाने के मद्देनजर खाद्यान्न निर्यात के लिए तत्पर है। यह कोई छोटी बात नही है कि इस समय भारत की मुठ्ठी में 31 मार्च 2026 तक 6.02 करोड़ टन गेहूं और चावल का रिकार्ड सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) भारत की आर्थिक ताकत बन गया है। इस रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से भारत एक साल तक की अपनी खाद्यान्न की जरूरत को सरलतापूर्वक पूरा कर सकता है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए मुख्य फसलों के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक इस बार खाद्यान्न उत्पादन का परिदृश्य ऐतिहासिक स्तर पर है। वर्ष 2025-26 के लिए खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 17.41 करोड़ टन और रबी खाद्यान्न उत्पादन 17.45 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष 2024-25 की तुलना में एक बड़ी छलांग है। पिछले वर्ष खरीफ उत्पादन 16.94 करोड़ टन था, जिसमें इस बार लगभग 2.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, रबी उत्पादन पिछले वर्ष 16.91 करोड़ टन था, जिसमें इस बार 3.2 प्रतिशत की शानदार वृद्धि देखी गई है। देश की थाली के सबसे अहम हिस्से यानी चावल और गेहूं के मोर्चे पर भी भारत ने अपनी जोरदार बढ़त कायम रखी है। दालों के उत्पादन में भी पिछले वर्ष की तुलना में बढ़त इस बार उभरकर दिखाई दे रही है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि ईरान-अमेरिका युद्ध विराम के पहले खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक कीमतों के बीच भारत में अनाज का रिकॉर्ड उत्पादन एक 'सुरक्षा कवच' की तरह रहा है। छह साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के लिए हथियार बन गए थे। हाल ही में दुनिया के कृषि विशेषज्ञ और ब्राजील पोटाश के सीईओ मेट सिंपसन ने कहा कि दुनिया में लगातार खाद्य संकट बढ़ता जा रहा है। उर्वरक की कमी के कारण यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कृषि उत्पादों की बुआई पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में कई देशों के लिए खाद्यान्न का बड़े पैमाने पर आयात जरूरी होता जा रहा है। कोरोनाकाल में भारत ने जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न का निर्यात भी किया था। अब एक बार फिर जब दुनिया में खाद्यान्न आपूर्ति में व्यवधान है, तब भारत नए खाद्यान्न निर्यात आदेशों की पूर्ति के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है। निःसंदेह कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ है। खासतौर से विगत कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र व छोटे किसानों की मजबूती के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। 'पीएम किसान सम्मान निधि' और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जैसे कई कार्यक्रमों से देश का कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हुआ है।



## विश्लेषण

राज कुमार सिंह

बेशक पश्चिम बंगाल में मतदान का दूसरा चरण शेष है, जिसमें 142 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे, लेकिन उसमें भी उच्च मतदान प्रतिशत को लेकर संशय का कोई कारण नजर नहीं आता। हाई वोल्टेज चुनाव प्रचार और अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों वाले पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 16 जिलों की 152 सीटों के लिए 92 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हुआ है, जो चुनाव आयोग के मुताबिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दशकों बाद बंगाल में व्यापक हिंसा के बिना मतदान एक सुखद आश्चर्य भी है। वैसे जिन चार राज्यों- असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चुनाव प्रक्रिया जारी है, उन सभी में मतदान का उच्च प्रतिशत सामने आया है।

# ज्यादा मतदान होने के किंतु-परंतु

अक्सर कम मतदान प्रतिशत पर चिंता जतायी जाती है, लेकिन इस बार असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में उच्च मतदान प्रतिशत ने राजनीतिक दलों- उम्मीदवारों की धुकधुकी और चुनावी पंडितों का काम बढ़ा दिया है। बेशक पश्चिम बंगाल में मतदान का दूसरा चरण शेष है, जिसमें 142 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे, लेकिन उसमें भी उच्च मतदान प्रतिशत को लेकर संशय का कोई कारण नजर नहीं आता। हाई वोल्टेज चुनाव प्रचार और अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों वाले पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 16 जिलों की 152 सीटों के लिए 92 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हुआ है, जो चुनाव आयोग के मुताबिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दशकों बाद बंगाल में व्यापक हिंसा के बिना मतदान एक सुखद आश्चर्य भी है। वैसे जिन चार राज्यों- असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चुनाव प्रक्रिया जारी है, उन सभी में मतदान का उच्च प्रतिशत सामने आया है।

मसलन, 23 अप्रैल को ही तमिलनाडु में सभी 234 सीटों के लिए हुए मतदान का प्रतिशत 85 से भी ज्यादा रहा। नौ अप्रैल को असम में हुए मतदान का प्रतिशत 85 से भी ज्यादा रहा तो पुडुचेरी में 89 प्रतिशत से भी ज्यादा ऐतिहासिक मतदान हुआ। केरल ने भी 78 प्रतिशत से ज्यादा मतदान से 39 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। निश्चय ही उच्च मतदान प्रतिशत लोकतंत्र के लिए सकारात्मक है, लेकिन राजनीतिक दलों के लिए इसके परिणाम विरोधाभासी रहे हैं। चुनावी राजनीति में अंतिम क्षणों तक हार नहीं मानी जाती। सो, सत्ता के सभी दावेदार उच्च मतदान प्रतिशत की मन मुताबिक व्याख्या करते हुए उसे अपने अनुकूल बता रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के मुख्य चुनावी रणनीतिकार अमित शाह ने तो परिवर्तन की लहर बताते हुए 152 में से ही 110 सीटें जीतने की भविष्यवाणी भी कर दी है। दरअसल मतदान प्रतिशत की परंपरागत सरल व्याख्या यही की जाती रही है कि कम मतदान का अर्थ है कि मतदाता उदासीन हैं। यह भी कि वे वर्तमान सरकार के कामकाज से संतुष्ट हैं या उन्हें किसी से बेहतरी की उम्मीद नहीं, इसलिए किसी बदलाव की व्याकुलता उनमें नहीं है। इसी सोच से ज्यादा मतदान प्रतिशत का अर्थ यह निकाल लिया जाता है कि सत्ता विरोधी भावना तीव्र है और वर्तमान सरकार से असंतुष्ट मतदाता बदलाव के लिए व्याकुल हैं। बेशक मतदान प्रतिशत की यह व्याख्या मानवीय स्वभाव का सहज-सरल विश्लेषण करती है, लेकिन तमाम चुनावों में मतदान प्रतिशत में कमी या वृद्धि के बाद आये परिणाम इसकी पूर्णतः पुष्टि नहीं करते। आम तौर पर मान लिया जाता है कि मतदान में तीन से चार प्रतिशत की वृद्धि से सरकार बदल जाती है, लेकिन फिलहाल देश-दुनिया की निगाहों का केंद्र बने पश्चिम बंगाल में भी कम-ज्यादा मतदान के मिश्रित परिणाम सामने आते रहे हैं। मसलन, आपातकाल के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आक्रोश के बावजूद 1977 में पश्चिम बंगाल में मतदान का प्रतिशत 52 ही रहा, पर कांग्रेस सत्ता से विदा हो गई।

वाम मोर्चा ने लगभग साढ़े तीन दशक तक बंगाल पर निष्कंटक राज किया, पर 2011 के विधानसभा चुनाव में जब ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने उससे सत्ता



छीनी, तब मतदान का प्रतिशत 84 के पार चला गया। ममता के दो मुख्यमंत्रित्व काल के बाद जब 2021 के चुनाव में मतदान प्रतिशत 82 रहा तो चुनावी पंडितों ने उसे सत्ता विरोधी भावना का संकेत माना, लेकिन 200 सीटें जीतने का दावा करने वाली भाजपा 77 पर ही अटक गई। नीतीश कुमार के जद यू ने भाजपा का साथ छोड़ कर 2015 का बिहार विधानसभा चुनाव लालू यादव के राजद और कांग्रेस के साथ महागठबंधन में लड़ा था, लेकिन मात्र 57 प्रतिशत मतदान के बावजूद जबर्दस्त जीत हासिल की।

एसआईआर विवाद के बीच हुए 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत 67 तक पहुंच गया, लेकिन पाला बदल कर फिर राजग में आ चुके नीतीश की सत्ता बरकरार रही। हां, पिछली बार सबसे बड़ा दल बना राजद आश्चर्यजनक रूप से 25 सीटों पर सिमट गया। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में 2017 के विधानसभा चुनाव में 61 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान हुआ तो सपा को सत्ता से बेदखल कर अरसे बाद प्रचंड बहुमत से भाजपा ने सत्ता में वापसी की। इसी तरह 2018 के विधानसभा चुनाव में जब त्रिपुरा में मतदान का प्रतिशत 89 पार पहुंचा तो वाम सत्ता को उखाड़ कर भाजपा सत्तासीन हो गई। कम-ज्यादा मतदान प्रतिशत के चुनावी परिणामों के मामले में अन्य राज्यों के अनुभव भी मिले-जुले रहे हैं। इसलिए मतदान प्रतिशत के आधार पर कोई एक धारण बना लेना तर्कसम्मत नजर नहीं आता, क्योंकि उसमें कई कारक प्रभावी रहते हैं। इसीलिए चुनाव आयोग से अपेक्षा रहती है कि वह मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान की तारीखें तय करे और सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध भी करे। बेशक पश्चिम बंगाल में उच्च मतदान प्रतिशत में अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों की भी भूमिका रही होगी।

लगातार तीन कार्यकाल के बाद सत्ता विरोधी भावना को भी पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता, लेकिन अन्य कारणों को नजरअंदाज करना भी समझदारी नहीं होगी। बिहार से शुरू एसआईआर विवाद से बड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार ही नहीं, अपनी नागरिकता पर भी तलवार लटकी नजर आ रही है। रोजी-रोटी की तलाश में पलायन को मजबूर प्रवासी इसीलिए बड़ी संख्या में जैसे-तैसे इस बार मतदान के लिए अपनी घर वापसी की कवायद करते दिखे। नागरिकता पर संकट तो जीवन के लिए ही महासंकट है। मताधिकार से वंचित और मतदान में अनुपस्थित होने पर, तमाम राज्य सरकारों द्वारा जन कल्याण के नाम पर शुरू नकदी तथा मुफ्त योजनाओं के लाभार्थियों की सूची से भी नाम कट जाने का खतरा है। इनमें भी महिला केंद्रित योजनाएं ज्यादा हैं, जिनका परिणाम महिलाओं की मतदान में लगातार बढ़ती हिस्सेदारी के रूप में सामने आ रहा है।

जब प्रवासी महिलाएं मतदान के लिए अपने घर लौटती हैं तो परिवार के पुरुष सदस्य भी लौटेंगे ही और जब लौटेंगे तो मतदान भी करेंगे। वैसे मतदान के प्रतिशत में उछाल का एक और तार्किक कारण एसआईआर में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कट जाना भी हो सकता है। काटे गये नामों की संख्या और कारणों पर विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचे हैं। प्रभावित वर्गों में एसआईआर प्रक्रिया के विरुद्ध गोलबंदी भी उच्च मतदान प्रतिशत का कारण हो सकती है। बेशक नाम कटने से मतदाताओं की संख्या घटी है, पर अगर नाम काटे गए मतदाताओं में से बहुत सारे वास्तव में हैं ही नहीं, तो पिछली बार जितने ही मतदाताओं द्वारा मतदान करने पर भी मतदान का प्रतिशत अपने आप बढ़ जाएगा।

# जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित

दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

# तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित

प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चुका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मतदान प्रतिशत बढ़ने के मायने

लोकतंत्र को मजबूत करने में सबसे बड़ा योगदान होता है मतदाता का। जितना ज्यादा मतदान होगा लोकतंत्र उतना मजबूत होगा और लोकतंत्र की व्याधियां दूर होंगी, लेकिन यह तभी संभव है जब मतदाता राजनीतिक तौर पर जागरूक होकर मतदान करें। हाल ही में बंगाल-तमिलनाडु में बंपर मतदान इस बार के विधानसभा चुनाव में हुआ, और बताया जा रहा है कि वहां आजादी के बाद यह सबसे ज्यादा मतदान का आंकड़ा है। बंगाल में लगभग 92 और तमिलनाडु में लगभग 84 प्रतिशत से ऊपर का मतदान हुआ है। इस भारी मतदान से सभी राजनीतिक दल यह अंदाजा लगा रहे हैं कि यह मतदान हमारे पक्ष में हुआ है, लेकिन लोकतंत्र में हर चुनाव में ऊंट किस करवट बैठ जाए, कोई पता नहीं। परिणाम आना अभी शेष है।

*-राजेश पटवा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### टीएमसी की हार तय

बनगाँव में हुई विशाल रैली से यह स्पष्ट और निर्णायक संकेत मिलता है कि टीएमसी की हार निश्चित है। पश्चिम बंगाल भर में भ्रष्टाचार, कुशासन और टूटे वादों को लेकर लोगों का गुस्सा चरम पर है।

**- नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री



### रघु राय को श्रद्धांजलि

रघु राय के लेंस ने छह दशकों से अधिक समय तक भारत की आत्मा को अपने कैमरे में कैद किया। उन्होंने सिर्फ तस्वीरें नहीं खींची, बल्कि हमारे राष्ट्र की स्मृति को संजोकर रखा। उनके परिवार, सहयोगियों और उनकी कला से प्रभावित अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

**- राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस



### सामूहिक जिम्मेदारी

भीषण गर्मी का सबसे भयावह असर हमारे श्रमिक भाइयों और बहनों पर पड़ रहा है। यदि आपके घर या आसपास कोई श्रमिक काम कर रहा है, तो उनके लिए पानी और ठंडक की उचित व्यवस्था करें। इनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

**-अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### हमारा वास्तविक भविष्य

हमारी फसलो का स्वास्थ्य ही हमारा वास्तविक भविष्य है। यदि फसल सुरक्षित और फलदायी होगी तो किसानों और राष्ट्र का भविष्य भी समृद्ध होगा। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के साथ, बेहतर भविष्य की ओर एक कदम।

**- अक्षय कुमार**, बॉलीवुड एक्टर



## करंट अफेयर

### संरा महासचिव के उम्मीदवारों से कई मुद्दों पर सवाल-जवाब

संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने की दौड़ में शामिल चार उम्मीदवारों ने इस सप्ताह दुनिया में शांति बहाल करने, बढ़ती गरीबी रोकने और वैश्विक संकटों से निपटने जैसे मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक ने इसे नौकरी के लिए दुनिया के सबसे कठिन साक्षात्कारों में से एक बताया। इन उम्मीदवारों में चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बाचेलेत, अर्जेंटीना के राफेल ग्रोसी, कोस्टा रिका की रेबेका ग्रिन्सपैन और सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल शामिल हैं। इसके अलावा, अन्य उम्मीदवार भी बाद में इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं।



## ऑफ बीट

### 'इंटरवल रनिंग' भी सेहत के लिए बेहद उपयोगी

दौड़ना न केवल बीमारियों से बचाव करता है, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। इंटरवल रनिंग वास्तव में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) का एक हिस्सा है, जिसमें तीव्र गति से दौड़ने के छोटे सत्रों के बाद विश्राम या धीमी गति से दौड़ने का समय शामिल होता है। यह पद्धति पिछले कुछ वर्षों में टबाटा और क्रॉसफिट जैसे वर्कआउट्स के ज़रिये लोकप्रिय हुई है। कैसे काम करता है इंटरवल रनिंग : एचआईआईटी में, उदाहरण के तौर पर, 30 सेकंड तक तेज़ गति से दौड़ने के बाद 30 सेकंड का आराम किया जाता है। यह प्रक्रिया कई बार दोहराई जाती है।



## संक्षेप

### भाजपा बूथ अध्यक्ष की सड़क हादसे में मौत

**अमेठी में निमंत्रण से लौटते समय अज्ञात वाहन ने मोपेड को मारी टक्कर**

अमेठी , देर रात एक सड़क हादसे में भाजपा के बूथ अध्यक्ष भारत चंद्र तिवारी की मौत हो गई। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर चौराहा के पास अज्ञात वाहन ने उनकी मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक भारत चंद्र तिवारी पंडरी गांव के निवासी थे और कोटेदार होने के साथ-साथ भाजपा के बूथ अध्यक्ष भी थे। वह महाराजपुर गांव में एक निमंत्रण में शामिल होने के बाद देर रात अपनी मोपेड से घर वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। हादसे के बाद उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।गौरीगंज थाना प्रभारी अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। बूथ अध्यक्ष की मौत की खबर मिलने के बाद भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र सहित कई भाजपा नेता पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

### ग्रामीणों ने खुद भरे सड़क के गड्ढे

**कल्याणपुर गौरा मंदिर मार्ग वर्षों से खराब, प्रशासन ने नहीं की सुनवाई**

अमेठी , जामों ब्लॉक की ग्राम पंचायत रामपुर चौधरी में ग्रामीणों ने जगदीशपुर रोड से कल्याणपुर गौरा मंदिर मार्ग तक की खराब सड़क के गड्ढे खुद भरने शुरू कर दिए हैं। यह सड़क कई वर्षों से खराब थी, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने सड़क की खराब हालत के बारे में कई बार ग्राम प्रधान और ग्राम वीडियो अधिकारी को सूचित किया था। हालांकि, उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हुई और प्रशासन की ओर से भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। खराब सड़क के कारण आए दिन स्कूली बच्चे और राहगीर चोटिल हो रहे थे।

### ओपीडी में उमड़ी भीड़, बुखार के सर्वाधिक मरीज

**गौरीगंज संयुक्त अस्पताल में सोमवार को 881 मरीजों का उपचार हुआ**

अमेठी , गौरीगंज स्थित जिला संयुक्त अस्पताल में सोमवार को ओपीडी खुलते ही मरीजों की लंबी कतार लग गई। पर्चा बनवाने से लेकर डॉक्टरों को दिखाने तक लोगों को काफी इंतजार करना पड़ा। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों में आधे से अधिक बुखार से पीड़ित थे। ओपीडी में महिला, पुरुष और बच्चों की बड़ी संख्या में भीड़ देखी गई। कुल 881 मरीजों का उपचार किया गया। इनमें बुखार के 457 मरीज, खांसी के 103, सर्दी के 93, जुकाम के 86, शरीर में पानी की कमी के 11, लूज मोशन के 69, दर्द के 97 और मानसिक रोग से संबंधित 117 मरीज शामिल थे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. बी.पी. अग्रवाल ने बताया कि मौजूदा मौसम को देखते हुए लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे अंतिमछोर पर डीएम ने किया लोकार्पण

**भाजपा के सभी नेताओं की रही मौजूदगी, 12जिलों को जोड़ेगा एक्सप्रेस-वे**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , गंगा एक्सप्रेस-वे के अंतिम छोर पर आयोजित कार्यक्रम के साथ इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का भव्य उद्घाटन हुआ। सोरांव तहसील के जूड़ापुर दादू गांव में आयोजित इस समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी ने आयोजन को खास बना दिया। फूलपुर से बीजेपी सांसद प्रवीण पटेल ने कार्यक्रम में शिरकत की, वहीं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा सहित कई विधायक और अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला, क्योंकि यह एक्सप्रेस-वे क्षेत्र के विकास की नई उम्मीद लेकर आया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदोई के मल्लावां से गंगा एक्सप्रेस-वे का औपचारिक लोकार्पण किया और इसे उत्तर प्रदेश के विकास की नई लाइफलाइन बताया। उन्होंने कहा कि मां गंगा के नाम पर बने इस एक्सप्रेस-वे में विकास और विरासत दोनों की झलक दिखाई देती है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में काशी और गंगा से जुड़ी अपनी भावनाओं का भी जिक्र किया और प्रदेशवासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। मेरठ के बिजौली से शुरू होकर प्रयागराज तक आने वाला यह एक्सप्रेस-वे कुल 594 किलोमीटर लंबा है, जो अब देश का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे बन गया है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के 12 जिलों और 518 गांवों को जोड़ती है, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। प्रयागराज जिले में इसकी लंबाई करीब 16 किलोमीटर है, जो स्थानीय लोगों के लिए आवागमन को आसान बनाएगी। गंगा एक्सप्रेस-वे को आज रात 12 बजे से आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इस पर वाहन 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेंगे, जिससे मेरठ से प्रयागराज की दूरी अब महज 6 से 7 घंटे में पूरी की जा सकेगी। यह एक्सप्रेस-वे न सिर्फ यात्रा को तेज और सुगम बनाएगा, बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। साथ ही औद्योगिक विकास के नए अवसर भी पैदा करेगा, जिससे रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है।

# भीषण गर्मी के बाद ओले गिरे

**तेज हवां के साथ आंधी चली, संगम किनारे की झोपड़ियां उखड़ीं**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , मौसम ने करवट ले ली है। बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे प्रयागराज में बारिश शुरू हुई। बारा में ओले गिरे। तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं के साथ आंधी चली। संगम किनारे लगी झोपड़ियां उखड़ गईं। मौसम विभाग ने अगले 3 घंटे मौसम बिगड़ने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आंधी-तूफान के साथ बारिश हो सकती है। बिजली और ओले भी गिर सकते हैं वहीं सुबह से धूप की वजह से गर्मी बढ़ गई थी। पिछले एक हफ्ते से तापमान लगातार 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। लोग जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। इंसानों के साथ-साथ जानवर भी इस तेज गर्मी से परेशान नजर आ रहे हैं। जो लोग बाहर निकलते भी हैं, वे खुद को बचाने के लिए गमछा, टोपी और छाते का सहारा ले रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही ठंडे पेय पदार्थों की मांग भी तेजी से बढ़ गई है। जूस, शिकंजी और नारियल पानी की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है।

### जिला प्रशासन ने जारी की चेतावनी

इसी बीच जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने चेतावनी जारी करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी स्कूलों को दोपहर 12 बजे तक बंद करने का आदेश दिया है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें और खासतौर पर दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। जिलाअस्पताल में बढ़ी सतर्कता स्वास्थ्य व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल स्वरूपरानी में हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए इमरजेंसी वार्ड तैयार किया गया है। इसके अलावा गर्मी से बचाव और इलाज के लिए एक विशेष यूनिट भी बनाई गई है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों से सावधानी बरतने और सुरक्षित रहने की अपील कर रहे हैं।

# किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**हाईस्कूल में 82% स्कोर के बावजूद कम अंक आने से डिप्रेशन में थी**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , एक किशोरी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शुरूआती जांच में हाईस्कूल में कम अंक आने के कारण डिप्रेशन को आत्महत्या की वजह बताया जा रहा है। यह घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पंडरी पूरे खुशियाल गांव की है। मृतका की पहचान अरविंद शुक्ला की पुत्री सोनाली शुक्ला के रूप में हुई है। उसने बीती शाम घर के अंदर रस्सी से फांसी लगा ली। परिजनों के घर लौटने पर दरवाजा नहीं खुला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। गौरीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि सोनाली ने हाईस्कूल की परीक्षा दी थी, जिसमें उसे 82 प्रतिशत अंक मिले थे। इन अंकों से वह कथित तौर पर डिप्रेशन में थी और परिवार के सदस्यों से भी बात नहीं कर रही थी। घटना के समय उसकी मां और बहन सामान लेने बाहर गई हुई थीं। मृतका चार बहनें थीं, जिनमें से एक की शादी हो चुकी है और दो छोटी बहनें हैं। गौरीगंज थाना प्रभारी अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने पुष्टि की कि शुरूआती जांच में हाईस्कूल में कम अंक आने को ही आत्महत्या का कारण माना जा रहा है।




# भाजपा ने निकाली जन आक्रोश रैली

**महिला आरक्षण पर राहुल-अखिलेश का पुतला फूंका, आंगनबाड़ी कर्मियों को गया बुलाया**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर जन आक्रोश रैली का आयोजन किया। कलेक्ट्रेट के सामने आयोजित इस रैली में राहुल गांधी और अखिलेश यादव का पुतला फूंका गया। इस दौरान राहुल गांधी और अखिलेश यादव मुदार्बाद के नारे भी लगाए गए प्रदर्शन की एक महत्वपूर्ण बात यह रही कि इसमें आंगनबाड़ी कर्मियों को भी शामिल होने के लिए बुलाया गया था। इसके लिए विभाग के ग्रुप में बाकायदा मैसेज पोस्ट कर उन्हें रैली में उपस्थित रहने को कहा गया था। रैली में प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर, जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, विधायक राजेश गौतम, नप अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा कोषाध्यक्ष पूजा कसौधन, प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी और महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा निषाद सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। मीडिया से बात करते हुए भाजपा कोषाध्यक्ष पूजा कसौधन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो महिलाओं को वास्तविक सम्मान और अवसर प्रदान करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में महिला आरक्षण बिल पारित न हो पाने के पीछे कांग्रेस, बसपा और सपा जैसी पार्टियों का हाथ है। उन्होंने यह भी कहा कि इन दलों ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी की है। उन्होंने मायावती और इंदिरा गांधी जैसी महिला नेताओं के कार्यकाल का जिक्र करते हुए दावा किया कि महिला नेतृत्व होने के बावजूद इन सरकारों ने महिलाओं को वह सम्मान नहीं दिलाया जिसकी वे हकदार थीं।

# राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**27 अप्रैल को 'गौ-सम्मान दिवस' घोषित करने की मांग**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर , राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी ने गौवंश संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्रेट पहुंचकर संगठन ने सिटी मजिस्ट्रेट कर्मवीर सिंह के माध्यम से यह ज्ञापन भेजा। इसमें 27 अप्रैल को 'गौ-सम्मान दिवस' घोषित करने की प्रमुख मांग की गई है।

### व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया

संगठन के जिला संयोजक उदय प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में कुल नौ मांगें शामिल हैं। इनमें गो-पालक किसानों को प्रति गोवंश प्रोत्साहन राशि प्रदान करने और प्रदेश की गौशालाओं में भोजन व चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया है। उदय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि गौवंश की सुरक्षा केवल आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह किसानों और देश की अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है।संगठन के कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेउन्होंने सरकार से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की, ताकि गो-पालकों को राहत मिल सके और गौवंश का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।इस अवसर पर राकेश सिंह दद्दू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'गौ-सम्मान दिवस' घोषित होने से समाज में गौवंश संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और इस कार्य को नई मजबूती मिलेगी।



# एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा

**अमेठी में उर्वरक डिलीवरी, मार्जिन बढ़ाने समेत 4 मांगें रखीं**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन की जिला इकाई ने आज स्थानीय समस्याओं और व्यापारियों के हितों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम अमेठी को सौंपा। यह ज्ञापन संगठन के जिला अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में कृषि (खाद, बीज एवं कीटनाशक) व्यापार से जुड़े खुदरा विक्रेताओं की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। एसोसिएशन ने सरकार के समक्ष मुख्य रूप से चार मांगें रखी हैं।पहली मांग उर्वरकों की डोर-स्टेप डिलीवरी सुनिश्चित करने की है। इसमें यूरिया, डीएपी, एनपीके और एमओपी जैसे सभी उर्वरकों को सीधे खुदरा विक्रेता की दुकान तक पहुंचाने की बात कही गई है। एसोसिएशन का कहना है कि वर्तमान में परिवहन का भारी बोझ छोटे दुकानदारों को आर्थिक रूप से कमजोर कर रहा है। दूसरी मांग डीलर मार्जिन में वृद्धि की है, जो बढ़ती महंगाई, दुकान के किराए और बिजली बिलों को देखते हुए कई वर्षों से स्थिर है। तीसरी मांग कीटनाशक दवाओं के नमूने फेल होने की स्थिति में गुणवत्ता की जवाबदेही तय करने से संबंधित है। एसोसिएशन का तर्क है कि चूंकि विक्रेता सीलबंद उत्पाद बेचते हैं, इसलिए खराब गुणवत्ता के लिए पूर्ण जवाबदेही निमार्ता कंपनी की होनी चाहिए, न कि केवल खुदरा विक्रेता की। चौथी मांग साथी पोर्टल की जटिलताओं से छोटे खुदरा बीज विक्रेताओं को मुक्त रखने की है। संगठन का मानना है कि इसकी अनिवार्यता केवल विनिर्माण कंपनियों तक सीमित होनी चाहिए ताकि 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' का लक्ष्य पूरा हो सके। इस अवसर पर जिला महामंत्री राम किशोर त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष राम किंकर त्रिपाठी, गौरव सिंह, सूबेदार सिंह और जिला कोषाध्यक्ष यतेंद्र प्रताप त्रिपाठी सहित संगठन के सभी पदाधिकारी और कई व्यापारी उपस्थित रहे।

# वारंटी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

**अलीगढ़ के नौगवां अर्जुनपुर में दरोगा की पिस्टल और हैंडसेट छीने, 18 उपद्रवी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , रोरावर थाना क्षेत्र के नौगवां अर्जुनपुर गांव में वारंटी मेहंदी हसन को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों पर पथराव करने के साथ ही सरकारी पिस्टल, मोबाइल और वायरलेस हैंडसेट भी छीन लिए। इस हमले में दरोगा महेश चंद्र समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए जिले के कई थानों की फोर्स और पीएसी को मौके पर तैनात किया गया है, जिससे पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया है। पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन महिलाओं और एक युवती सहित कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक महेश चंद्र की तहरीर पर पुलिस ने 38 नामजद और करीब 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### प्रॉपर्टी से जुड़ा है विवाद

इस पूरे विवाद की जड़ एक प्रॉपर्टी विवाद से जुड़ी है। स्वर्ण जयंती नगर की कावेरी कॉलोनी निवासी विनीत कुमार वार्ष्णेय ने आरोपी मेहंदी हसन के खिलाफ गांव में खरीदे गए एक प्लॉट पर अवैध कब्जा करने और रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया था।

### आरोपी ने भीड़ को उकसाया

मामला अदालत में चल रहा था और पेशी पर न आने के कारण कोर्ट ने मेहंदी हसन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। जब पुलिस की टीम उसे उठाने पहुंची, तो आरोपी ने सरेंडर करने के बजाय भीड़ को उकसा दिया।

### भीड़ से कहाझआज इन्हें जान से मार दो

दरोगा महेश चंद्र ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान मेहंदी हसन ने चिल्लाते हुए भीड़ को ललकारा कि आज इन्हें जान से मार दो। जब पुलिस ने कानून-व्यवस्था बिगड़ती देख वीडियो बनाना शुरू किया। इस पर आरोपी ने दरोगा की सरकारी पिस्टल छीनकर उन्हीं पर तान दी।

### लूटी पिस्टल और सामान बरामद

अरमान और सलाउद्दीन नाम के आरोपियों ने दरोगा को पीछे से दबोच लिया और उनका सरकारी फोन व हैंडसेट लूट लिया। हालांकि भारी पुलिस बल के पहुंचने पर लूटी गई पिस्टल और अन्य सामान बरामद कर लिया गया है।

# बारात में हुई हर्ष फायरिंग, युवक को गोली लगी

**लखीमपुर से शाहजहांपुर शादी में शामिल होने आया था, गले के नीचे लगी गोली**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , एक युवक को लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी में एक बारात के दौरान हर्ष फायरिंग में गोली लग गई। मंगलवार रात हुई इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। यह बारात शाहजहांपुर के सिंधौली थाना क्षेत्र के एक गांव से लखीमपुर के मोहम्मदी क्षेत्र के एक गांव गई थी। शादी समारोह में पहुंचने के बाद हर्ष फायरिंग की गई। इसी दौरान अचानक गोली दूल्हे के भाई के गले के निचले हिस्से में जा लगी। घटना के बाद शादी में भगदड़ मच गई। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोली किसने चलाई और वह किस पक्ष से संबंधित था।

हर्ष फायरिंग के दौरान लगी गोलीघायल युवक को परिजन तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने इस संबंध में पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि हर्ष फायरिंग में गोली चली है और इसमें किसी की कोई गलती नहीं है। डॉक्टर मेहराज अहमद ने बताया कि एक युवक को गोली लगने की हालत में मोहम्मदी से लाया गया था। परिजनों ने बताया कि शादी में हर्ष फायरिंग के दौरान उसे गोली लगी है। उसका इलाज किया गया। हालत गंभीर होने पर उसको रेफर किया गया है।

# स्मार्ट मीटर का विरोध प्रदर्शन

**ग्रामीणों ने बिजली विभाग कार्यालय घेरा, बिल में गड़बड़ी का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , स्मार्ट मीटर के विरोध में ग्रामीणों ने बिजली विभाग कार्यालय का घेराव किया। शहर के भंगवा चुंगी स्थित कार्यालय पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने प्रदर्शन कर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। भंगवा, कादीपुर और पूर्वी सहोदरपुर गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल में अनियमितताएं बढ़ गई हैं। उनका कहना है कि मीटर तेजी से रीडिंग दिखा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। इससे नाराज होकर उन्हें प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ा। इस दौरान ग्रामीणों ने कार्यालय का घेराव कर अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया।प्रदर्शन की सूचना पर बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को सुना और जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी (डीएम) से भी की है और जल्द समाधान की मांग की है।अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हो गए, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# प्रेमी और दो दोस्तों ने रेप के बाद की हत्या

**बॉडी को घसीटते हुए ले गए, पेड़ से लटकाकर सुसाइड दिखाने की कोशिश**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , लड़के ने गर्लफ्रेंड को बुलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। फिर 2 दोस्तों से उसका रेप कराया। विरोध करने पर गला घोंटकर लड़की को मार दिया। गले में रस्सी डालकर शव को घसीटते हुए 50 मीटर दूर ले गए। वारदात को सुसाइड दिखाने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया।पुलिस को सुबह लड़की का शव मिला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हत्या और रेप की पुष्टि हुई। घटना के 24 घंटे के अंदर ही पुलिस ने नाबालिग बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार करके सोमवार को मामला का खुलासा किया। आरोपी के 2 साथियों की तलाश जारी है। मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र का है। मानिकपुर के एक गांव निवासी 19 साल की लड़की का शव सुबह साढ़े 4 बजे परिजनों ने आम के बाग में पेड़ पर लटका देखा था। सूचना पर नवाबगंज, कुंडा और मानिकपुर थाने की फोर्स मौके पर पहुंची। एसपी दीपक भूकर ने भी फोरेंसिक टीम के साथ जांच की। मौके पर लड़की के कपड़े, चप्पल और अन्य सामान मिले थे।परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए केस दर्ज कराया था। पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बॉडी पर कई जगह चोट, दांत और नाखून से खरोंच के निशान मिले। रिपोर्ट में हत्या और रेप की पुष्टि हुई। गांव के लड़के से एक साल से अफेयर था इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की पता चला नवाबगंज थाना इलाके के 17 साल के लड़के से लड़की का एक साल से अफेयर चल रहा था। लड़का और लड़की दोनों आपस में रिश्तेदार थे। लड़की अपने पिता के मोबाइल से लड़के से बात करती थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।100 मीटर दूर प्रेमी से मिलने पहुंची पुलिस ने बताया कि की रात प्रेमी ने प्रेमिका को घर से 100 मीटर दूर खेत के पास मिलने के लिए बुलाया।

## संक्षेप

### बकरी बांधने के विवाद में युवक की चाकू घोपकर हत्या

**पड़ोसियों ने मां-पिता, भाई-बहनों समेत 5 घायल, बागपत में घर में घुसकर हमला, ईंटें फेंकीं**

बागपत , बकरी के विवाद में दो पक्षों में चाकूबाजी हो गई। इस दौरान एक पक्ष ने 25 वर्षीय युवक को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया। हमले में युवक के पिता-भाई समेत 5 अन्य लोग भी लहूलुहान हो गए। घटना जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर बडौत थाना क्षेत्र के बड़का रोड की है। गांव में बकरी बांधने को लेकर रात में दो पक्षों में कहासुनी हो गई थी। सुबह फिर से दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान एक पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष पर चाकुओं से हमला कर दिया गया। हमलावरों ने युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। जमकर ईंटें फेंक-फेंककर मारीं। बीच-बचाव करने आए युवक को पिता-भाइयों को पर भी हमला बोल दिया। युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना मिलते ही भारी संख्या में गांव में फोर्स पहुंची है। गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। अब पूरा मामला विस्तार से... बड़ौत क्षेत्र के बड़का रोड गांव में सलामी मैरिज होम के पास एक गली में रविवार रात बकरी बांधने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी। इरफान नामक युवक ने अपने पड़ोसी आस मोहम्मद के घर के सामने अपनी बकरी बांध दी थी। इस बात को लेकर आस मोहम्मद के बेटे शोएब और बेटियों फरा व फरहा की पड़ोसी इरफान के परिवार से जमकर नोंक-झोंक हुई थी। पड़ोसी जमा हो गए और उन्होंने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। जिसके बाद इरफान ने अपनी बकरी वहां से हटा दी।

### कलेक्ट्रेट में भीम आर्मी का प्रदर्शन

**रमाला पुलिस पर उत्पीड़न के आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग**

बागपत , कलेक्ट्रेट में भीम आर्मी ने प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष चमन कंडेरा और एडवोकेट राजकुमार के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में थाना रमाला पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए गए। प्रदर्शन कर रहे लोगो ने पुलिस पर नाबालिग लड़की के साथ मारपीट, मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न और एक अन्य मामले में निष्पक्ष कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। इस दौरान जिलाधिकारी को संबोधित दो अलग-अलग प्रार्थना पत्र भी सौंपे गए।पहले प्रार्थना पत्र में असारा गांव की एक नाबालिग लड़की ने आरोप लगाया है कि पुलिस जांच के लिए उसके घर पहुंची थी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उसकी मां के साथ अभद्रता की। जब लड़की ने इसका विरोध किया, तो उसे थप्पड़ मारकर गिरा दिया गया। लड़की का आरोप है कि उसे थाने ले जाकर मारपीट और दुर्व्यवहार किया गया। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसके मानसिकदूसरे शिकायती पत्र में रमाला थाना क्षेत्र की एक युवती ने गांव के ही एक व्यक्ति पर छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाया है। युवती के अनुसार, शोर मचाने पर कुछ अन्य लोगों ने भी उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता ने थाना पुलिस पर आरोप लगाया कि उसके पति से जबरन अंगूठा लगवाकर गलत मुकदमा दर्ज किया गया ।

# एक ही रात दो मकानों में चोरी लाखों के जेवरात हुए पार

## स्थानीय प्रशासन समेत फॉरेंसिक टीम ने प्रारंभ की जांच

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर, जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव गोहरारी में विगत रात्रि मंगलवार प्रातः बुधवार को अज्ञात चोरों ने दो मकानों को निशाना बनाया मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण चंद्रशेखर यादव तथा सत्यनारायण साहू दोनों पड़ोसी हैं वही अज्ञात चोरों ने छत के ऊपर आंगन में पड़े जाल को काटकर अंदर पहुंचते हुए चंद्रशेखर यादव के घर में घटना को अंजाम दिया घर में रखी अलमारी व बक्सा का ताला तोड़कर मंगलसूत्र सोने का हार दो अंगूठी एक चैन तथा चांदी के आभूषण चार जोड़ी पायल बिछिया समेत 10000 रुपए नगदी पार कर दिया पीड़ित के परिजन पुत्र शिव सिंह पत्नी चुनवदी पुत्रवधू राधा दिशांत आदि छत में ही सो रहे थे वहीं सुबह सबसे पहले बहू ने उठकर घर की साफ सफाई करने का प्रयास किया जहां नीचे पहुंचने पर देखा कि अलमारी तथा बक्से टूटे हुए पड़े हैं बहु राधा के शोर मचाने पर सभी परिजन मौके पर पहुंचे तथा घटना की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी वही पड़ोसी सत्यनारायण साहू ने भी प्रशासन को जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात चोर उसके घर घुसे तथा 2000 नगद समेत लगभग 50000 रुपए के सोने चांदी के आभूषण फरार कर दिए घटना स्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी चांदपुर समेत भारी पुलिस बल ने छानबीन प्रारंभ की वही पुलिस प्रशासन ने फोरेंसिक टीम को आमंत्रित कर जांच पड़ताल प्रारंभ कराई

# सोते रहे परिजन चोरों ने लगाया चूना

## मामला संदिग्ध जांच में जुटा प्रशासन

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मंगलपुर टकौली निवासी चंद्रपाल गोस्वामी ने नजदीकी थाना जहानाबाद में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि विगत रात्रि मंगलवार प्रातः बुधवार को वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रतिदिन की भांति घर के बाहर सो रहे थे वहीं हाल ही में कुछ समय पहले मंझिलें बेटे विशाल का विवाह हुआ था जो अपनी पत्नी के साथ मकान की छत में सो रहा था देर रात अज्ञात चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे तथा कमरे में रखी अलमारी का लाकर तोड़कर सोने चांदी के आभूषण व नगदी फरार कर दी सुबह नींद खुलने के बाद जैसे ही पीड़ित घर की अंदर की तरफ बढे तो मुख्य दरवाजे खुले मिले तथा कमरे के अंदर जाकर देखा तो लाकर टूटी तथा लाकर में रखा सामान गायब मिला जहानाबाद थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की पीढ़ित द्वारा लिखित तहरीर दी गई है जबकि मामला संदिग्ध लग रहा है जल्द ही संपूर्ण जांच करते हुए मामले का खुलासा किया जाएगा

# महिला बैंक मैनेजर का फंदे से लटका मिला शव

**तीन दिन बाद भाई की शादी, सिविल लाइन पुलिस ने शव मोर्चरी भिजवाया, जांच शुरू**




अमन लेखनी समाचार

मेरठ , सिविल लाइन थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित छीपी टैंक पर एक युवती का फंदे पर झूलता शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। युवती आगरा के बैंक में मैनेजर बताई जा रही है। तीन दिन बाद ही उसके भाई की शादी होनी थी। उससे पहले ही यह हादसा हो गया। पुलिस ने शव मोर्चरी भिजवा दिया है।पहले एक नजर वारदात परछीपी टैंक प्रभात वाली गली में सत्येंद्र कुमार गुप्ता का परिवार रहता है। वह पुलिस विभाग से रिटायर हैं। एक बेटा ग्रामीण बैंक में मैनेजर है तो बेटी आगरा के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में सीनियर मैनेजर के पद पर तैनात है फंदे पर लटका मिला शवरविवार को परिवार ने देखा कि 42 वर्षीय शिल्पी के कमरे में कोई हलचल नहीं हो रही है। वह परेशान होकर कमरे पर पहुंचे तो पाया कि वह अंदर से बंद है। झाककर देखा तो शिल्पी का शव फंदे के सहारे लटका हुआ था। यह देखकर परिवार में कोहराम मच गया। इसके बाद पुलिस को बुला लिया गया। आगरा के बैंक में मैनेजर थी शिल्पीपरिजनों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि शिल्पी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया संजय पैलेस आगरा ब्रांच में सीनियर मैनेजर (स्केल तीन) के पद पर तैनात है। वह हाल ही में भाई की शादी के चलते छुट् ?टी पर आई थी लेकिन उससे पहले ही यह भाई भी है सरकारी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर एसएचओ सौरभ तिवारी ने बताया कि शिल्पी बैंक में जॉब करती थी।

# महिलाओं ने घरों से स्मार्ट मीटर उखाड़े, बिजली घर फेंके

**विभाग के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी, बोलीं- नहीं चाहिए, अपने मीटर वापस लो**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , नहीं चाहिए, नहीं चाहिए स्मार्ट मीटर नहीं चाहिए... !मेरठ में महिलाओं ने घरों पर लगे स्मार्ट मीटर उखाड़ दिए। विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यह महिलाएं बिजली घर पर पहुंची और वहां मीटर फेंक आईं। महिलाओं का कहना था कि उन्होंने विभागीय अफसरों से मदद मांगी लेकिन मदद नहीं मिली। मजबूर होकर उन्हें यह कदम उठाना पड़ रहा है। मामला नगर निगम के वार्ड 44 में आने वाले मोहनपुरी क्षेत्र का है। जहां पिछले काफी समय से स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध हो रहा है। विरोध करने वालों का आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों ने धोखे से स्मार्ट मीटर बदल दिए। भरोसा दिलाया गया था कि बिजली बिल कम हो जाएंगे लेकिन वह कई गुना आ रहे हैं।

### सुपरीटेंडेंट इंजीनियर का किया था घेराव

पिछले काफी समय से महिलाएं सड़क पर उतरकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर का विरोध कर रही हैं। इसी विरोध के चलते हाल ही में मोहनपुरी स्थित बिजली घर पर चल रहे कैंप को बंद करा दिया गया था। यही नहीं कैंप में पहुंचे सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर को बंधक बनाते हुए उन्हें चूड़ी तक भेंट कर दी थी। महिलाओं ने चेतावनी दी कि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह मीटर उखाड़ फेंकेंगी।मीटर उखाड़े, बिजली घर पर फेंके महिलाओं का सब्र जवाब दे गया। उन्होंने अपने घरों पर लगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर उखाड़ दिए। वह उन मीटरों को लेकर मोहनपुरी बिजली घर पहुंची और वहां फेंक दिए। महिलाओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद उत्तम सैनी भी वहां पहुंच गए। उन्होंने महिलाओं को शांत किया और अफसरों से बात करने की कोशिश की।महिलाएं स्मार्ट मीटर को लेकर काफी परेशान थी। उन्होंने कहा कि पहले महीने में बिल आता था तो वह जैसे तैसे उसे जमा कर देती थीं।

# बाइक सवार को थप्पड़ मारने वाले दरोगा-सिपाही लाइन हाजिर

**काशी टोल पर बुलेट सवार के साथ गाली-गलौच का वीडियो हुआ था वायरल**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , परतापुर थानाक्षेत्र के दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे के काशी टोलप्लाजा के पास युवक के साथ मारपीट, गालीगलौज करने वाले दरोगा-सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया है। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें पुलिसकर्मी एक बाइक सवार के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट करते नजर आ रहे थे। परतापुर थाना क्षेत्र के दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर काशी टोल प्लाजा के पास चेकिंग के दौरान ट्रैफिक दरोगा विनोद कुमार ने बुलेट सवार युवक को थप्पड़ मार दिया था। इतना ही नहीं सिपाही के साथ मिलकर दरोगा ने गाली -गलौज भी की थी इस वीडियो के वायरल होने के बाद एसएसपी अविनाश पांडेय ने दरोगा, सिपाही दोनों को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक यातायात राजेश श्रीवास्तव ने भागीय जांच के भी आदेश दिए हैं युवकों- दरोगा में हुई थी कहासुनी एक्सप्रेसवे पर चेकिंग के दौरान दरोगा विनोद कुमार और कांस्टेबल जितेंद्र कुमार दिल्ली की ओर जा रहे बुलेट सवार दो युवकों को रोकते नजर आ रहे हैं। इस दौरान युवकों की दरोगा व ट्रैफिक पुलिस कर्मियों से कहासुनी हो रही है। इसका वीडियो बनाने पर दरोगा युवक के साथ अभद्र व्यवहार करने के साथ थप्पड़ जड़ रहा है।

# मेयर ने सदन में पेश किया नारी शक्ति वंदन अधिनियम

**ध्वनि मत से सर्वसम्मति समर्थन, महिलाओं को सशक्त होने में मिलेगी मजबूती**



अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद नगर , निगम के प्रथम सदन में महापौर सुनीता दयाल द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्तुत किया गया, जिसे सदन में मौजूद सभी पार्षदों ने दोनों हाथ उठाकर ध्वनि मत से सर्वसम्मति समर्थन प्रदान किया।महापौर ने अपने संबोधन में इसे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक एवं दूरगामी पहल बताते हुए कहा कि यह अधिनियम लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को और अधिक सुदृढ़ करेगा प्रस्ताव समर्थन की शुरूआत महिला पार्षदों द्वारा की गई, जिसके बाद अन्य पार्षदों ने क्रमशः अपने विचार रखते हुए अधिनियम के पक्ष में समर्थन व्यक्त किया और विषय का विस्तार किया। नारी सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला नामित पार्षद प्रदीप चौधरी ने अपनी प्रथम सदन उपस्थिति में महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, अन्य अधिकारियों व सदन में मौजूद पार्षदों को सादर नमन किया। उन्होंने कहा कि सशक्त नारी ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है उन्होंने नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में महिला सुरक्षा, सहभागिता एवं सशक्तिकरण के लिए ठोस एवं समयबद्ध कार्ययोजना लागू करने तथा उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित समीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# आवास विकास के नोटिस के बाद सेटबैक का ध्वस्तीकरण शुरू

## सेंट्रल मार्केट में खुद अपने मकान- दुकान तोड़ रहे लोग

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सेंट्रल मार्केट में 15 दिन तक चले धरने के खत्म होने के बाद आवास विकास ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार नोटिस चस्पा करने शुरू कर दिए हैं। इसके तहत अब जिनको नोटिस मिले हैं उन्हें नियमानुसार सेटबैक छोड़कर अपने नक्शे तैयार करने होंगे साथ ही आवासीय में चल रही कॉर्मशियल गतिविधियां भी बंद करनी है।

### लोगों ने शुरू किया ध्वस्तीकरण

जिन लोगों को आवास विकास ने नोटिस देने शुरू किए हैं उनमें से बहुत लोगों ने उनका पालन भी करना शुरू कर दिया है। लोगों ने नियमानुसार सेटबैक के तहत अपने मकानों को तोड़ना शुरू कर दिया है। यदि दिए गए समय में कार्रवाई पूरी नहीं होती है तो आवास विकास खुद मकानों को तोड़ने का काम करेगा।

### उजड़ गया सेंट्रल मार्केट का अस्तित्व

सेंट्रल मार्केट जहां एक समय में मेरठ के मुख्य बाजारों में रहता था लेकिन आज उसका अस्तित्व खत्म हो गया है। मार्केट के एक कॉम्पलेक्स में बनी 22 दुकानों को पहले ही पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया था। इसके बाद 44 संपत्तियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सील कर दिया गया, साथ ही बीती 9 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बाकी संपत्तियों को भी सेटबैक के तहत अपने मकान दुकान तोड़न होंगे।

### आठ टीमें कर रही नोटिस चस्पा

आवास विकास द्वारा जो सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन किया जा रहा है उसके तहत आवास विकास ने आठ टीमों में यह काम बांटा है। इसको पूरा करने के लिए अन्य जिलों से भी स्टाफ मेरठ में यह कार्रवाई कर रहा है। अब जानिए सेट बैक की शर्तें सेंट्रल मार्किट में पिछले काफी समय से सेट बैक को लेकर भ्रम की स्थिति है। यह साबित करने का प्रयास हो रहा है कि 60 मीटर तक के आवास के लिए सेट बैक जरूरी नहीं है। जबकि विभागीय सूत्रों की मानें तो नियम सब के लिए बराबर हैं।

सेट बैक नहीं छोड़ा तो छोटे आवासों पर भी कार्रवाई होना तय है। सेट बैक का गणित भी समझें फ्रंट सेटबैक (ऋ): घर के सामने, सड़क और भवन के बीच की दूरी (सामने की तरफ)।

# अजनारा होम्स के पास कार में लगी आग

**बिजली के खंबे के नीचे खड़ी थी, वायर गिरने से लगी आग, 30 मिनट में पाया काबू**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,बिजली के खंबे के नीचे खड़ी एक कार में आग लग गई। कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। आग बिजली के खंबे की विद्युत वायरिंग गिरने की वजह से लगी। घटना रविवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे के आसपास हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को भेजी। बिजली सप्लाई को बंद किया गया है। जिसके बाद दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। आग अन्य गड़ियों तक नहीं पहुंची। आग पर करीब 30 मिनट में काबू पा लिया गया। कार को क्रेन की मदद से हटाया गया। इस दौरान बिजली सप्लाई बंद रही। जिसके बाद बिजली के तारों को जोड़ा गया सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि ये घटना सेक्टर 121 गढ़ी चौखंडी, अजनारा होम्स के पास हुई। यहां बाहर रोड पर खड़ी गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली। फायर स्टेशन से एक गाड़ी रवाना की गई। वहां पहुंच कर देखा गया कि आग एक होंडा अमेज गाड़ी नंबर `6914 पेट्रोल और में लगी थी।

# 35 लाख की अवैध शराब बरामद

**फर्जी बिल्टी से 237 पेटी शराब की तस्करी, पुलिस ने एक अंतरराज्यीय तस्कर अरेस्ट किया**

अमन लेखनी समाचार





गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा की थाना नॉलेज पार्क पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हरियाणा मार्का की 237 पेटियां शराब बरामद की हैं। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजस्थान के बाड़मेर निवासी लाखाराम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, लाखाराम हरियाणा से सस्ते दामों पर शराब खरीदकर उसे अन्य राज्यों में ऊंचे दामों पर बेचने के लिए तस्करी कर रहा था। आरोपी ने पुलिस और आरटीओ की चेकिंग से बचने के लिए ट्रक में स्पेयर पार्ट्स की फर्जी बिल्टी और बिल तैयार कर रखे थे। वह इस फजीर्वाड़े के जरिए शराब को बिक्री के लिए दूसरे राज्यों में ले जाता था।डीसीपी ग्रेटर नोएडा प्रवीन रंजन सिंह ने बताया कि संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान ट्रक से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। नॉलेज पार्क पुलिस ने तस्कर लाखाराम के खिलाफ उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क की तलाश में जुटी है।

# कंपनी निदेशक ने किया सुसाइड

**22वीं मंजिल से लगाई छलांग, कई दिनों से तनाव में थे, सिर में चोट लगने से हुई मौत**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-39 थानाक्षेत्र स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले कंपनी के निदेशक ने 22वीं मंजिल से कूदकर जान से दी। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में अभी तक पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-107 स्थित प्रतीक एडिफाइज सोसाइटी के एफ टॉवर में सज्जल मेहरोत्रा रहते थे। वह सेपियंट कंपनी में निदेशक थे। रविवार को सज्जल ने 22वीं मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट की बालकनी से छलांग लगा दी। घटना के बाद परिवार के लोगों और सिक्योरिटी गार्डों की मदद से घायल निदेशक को नजदीक के निजी अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। उनके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई थी और खून ज्यादा बह गया था।सज्जल की शादी करीब दस साल पहले अदिति नाम की महिला से हुई थी। अदिति की यह दूसरी शादी थी। अदिति वर्तमान में एचसीएल कंपनी में कार्यरत हैं। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है।घटनाक्रम को जानने के लिए पुलिस सोसाइटी के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर**

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# चोपन पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 950 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार


अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 27.04.2026 को समय करीब 20:30 बजे थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग के दौरान अवई फासिल्स पार्क तिराहा के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक सफेद झोले में 950 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम शाहिद आलम पुत्र मुन्ना टेलर, निवासी चोपन बैरियर हाइड्रिल कॉलोनी थाना चोपन जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 32 वर्ष बताया। उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना चोपन पर मु0अ0सं0-150/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर, अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# लू (हीट स्ट्रोक) से बचाव हेतु जनहित में जिला प्रशासन ने की एडवाइजरी जारी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनपद में विगत दिनों में तापमान 40 डीग्री से 42 डीग्री के आस पास दर्ज किया जा रहा है, जो कि अत्यधिक गर्मी को प्रदर्शित करता है और आने वाले दिनों में तापमान बढ़कर 45 डीग्री पहुँचने का अनुमान है। शरीर में पानी/नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। इसके क्रम में लू (हीट स्ट्रोक) गर्म हवाओं से बचने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निम्नवत हैं- लू (हीट स्ट्रोक) के लक्षण। गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना। तेज पल्स होना। उथले श्वास गति में तेजी। व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिती।सिरदर्द, मितली, थकान, और कमजोरी होना, चक्कर आना। मूत्र न होना अथवा इसमें कमी। लू (हीट स्ट्रोक) से बचने के उपाय। क्या करें स्थानिय मौसम के पूवार्नुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिती से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। अधिक से अधिक पानी पियें। यदि प्यास न लगी हो तब भी। हल्के रगं के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहने। धूप के चश्मे, छाता, गमछा, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें। अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाता का प्रयोग करें। दोपहर में घर से निकलते समय शरीर के अंगों को अधिक से अधिक ढककर रखें। सूती व खादी वस्त्र पहनें। यात्रा करते समय पीने का पानी साथ ले जाएं। घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। अपने घर को ठण्डा रखें, पर्दे, दरवाजे आदि का उपयोग करें तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल दें। पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा बारम्बार स्नान करें। कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें/उपलब्ध करायें। कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें। गर्भस्थ महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए। दोपहर 12 से 4 बजे घर के अंदर रहें। पशुओं को छाया में रखें व ताजा पानी दें। क्या न करें। गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें। खाली पेट घर से बाहर न निकलें। एल्कोहल, चाय व कॉफी से परहेज करें। बासी खाने से परहेज करें। जानवर एवं बच्चों को कभी भी बन्द/खड़ी गाड़ियों में अकेला न छोड़ें। दोपहर में अतिरिक्त शारीरिक श्रम न करें। वाहनों को धूप में खड़ा न करें। धूप में नगें पॉव न रहें।

**खास समाचार**

## शाहाबाद में एसडी जनता इंटर कॉलेज की अनूठी पहल: मेधावी और अनाथ बच्चों को निशुल्क शिक्षा

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। नगर स्थित एस.डी. जनता इंटर कॉलेज में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कॉलेज प्रबंधन ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सामाजिक पहल की घोषणा की। प्रबंधक सत्यवीर शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2026 की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को कक्षा 11 एवं 12 तक निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस योजना में पठन-पाठन सामग्री भी शामिल रहेगी। इसके साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले तथा अनाथ बच्चों के लिए भी विशेष घोषणा की गई। ऐसे बच्चों को कक्षा 1 से कक्षा 12 तक निशुल्क शिक्षा, ड्रेस और कोर्स सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। कॉलेज प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि संस्था का उद्देश्य है कि आर्थिक तंगी के कारण कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे। यह पहल नगर एवं क्षेत्र के जरूरतमंद और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी।

## अनपरा की साइबर टीम की त्वरित कार्यवाही– पीड़ित को वापस कराए 25,000/- रुपये

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अनपरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है आवेदक हरिराम वर्मा पुत्र स्व० श्रीराम वर्मा, निवासी रेनूसागर कॉलोनी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र के साथ दिनांक 29.12.2024 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं को रिश्तेदार बताकर हॉस्पिटल में भर्ती होने का बहाना बनाकर कुल 70,000/- की साइबर ठगी की गई थी। उक्त संबंध में पीड़ित द्वारा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर एवं ठउफढ पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत कराई गई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना अनपरा की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए तथा संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर ठगी की गई धनराशि को होल्ड कराया गया। तत्पश्चात विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आवेदक की होल्ड की गई धनराशि में से 25,000/- सफलतापूर्वक उसके मूल बैंक खाते में वापस कराए गए।

## शिवेन्द्र चौधरी बने राज्यमंत्री कार्यकर्ताओ में बना खुशी का माहौल

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज, फरेंदा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पहली बार विधायक बने पूर्व विधायक शिवेंद्र चौधरी को संगठन ने एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव यूनियन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्रदान किए जाने से राजनीतिक हलकों में इस निर्णय की व्यापक चर्चा हो रही है।

### कार्यकताओं में उत्साह का माहौल

इस नियुक्ति के बाद फरेंदा में उनके समर्थकों और कार्यकताओं में अपार उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। जैसे ही यह सूचना क्षेत्र में पहुंची, कार्यकताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को बधाई दी। कई स्थानों पर युवाओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया तथा आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर की। शिवेंद्र चौधरी लंबे समय से संगठन और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी छवि एक जमीनी नेता के रूप में रही है जो लगातार क्षेत्रीय विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहते हैं

# निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**निर्माण कार्य में लापरवाही व शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाही।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति का जायजा लिया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, पर्यटन कार्यालय तथा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय लोढ़ी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी के माध्यम से कराई जाए साथ ही कार्यस्थल पर श्रमिकों से संबंधित सभी रजिस्टर अद्यतन रूप से उपलब्ध रखने तथा निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। पर्यटन कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि को फिनिशिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि भवन का उपयोग जल्द से जल्द प्रारंभ किया जा सके। निरीक्षण के दौरान राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय लोढ़ी के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने अधिशासी अभियंता यूपी सिडको को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाने हेतु श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए और निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला अर्थ संख्या अधिकारी संत पाल वर्मा, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, ए0डी0एस0टी0ओ0 जय सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# एचयूआरएल और वनटांगिया गांव में हुई लोगों के सेहत की जांच

**एम्स और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लगाया गया स्वास्थ्य शिविर**

**एचयूआरएल में आयुष्मान आरोग्य शिविर का महापौर ने किया उद्घाटन**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। जिले के एचयूआरएल (फर्टिलाइजर कारखाना) और वनटांगिया गांव में शिविर का आयोजन कर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। दोनों शिविरों के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग और एम्स गोरखपुर की टीम ने योगदान दिया। एचयूआरएल में आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर का उद्घाटन महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने किया। इस शिविर में एचयूआरएल स्थित अस्पताल के चिकित्सकों और स्टॉफ ने भी विशेष सहयोग किया। सीएमओ डॉ राजेश झा भी दोनों शिविरों में शामिल हुए और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फर्टिलाइजर कारखाना में आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर में पहुंचे महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्रयास कारखाने के श्रमिकों और कर्मचारियों को सेहतमंद बनाए रखने में मददगार साबित होंगे। शिविर के जरिये नये टीबी रोगियों को खोजने और टीबी उन्मूलन में भी मदद मिलेगी। सीएमओ डॉ झा ने बताया कि एम्स गोरखपुर से डॉ यू वेंकटेश की टीम ने शिविर में विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर एमएमयू के जरिये जांच व परामर्श, पैथालॉजिकल जांच और एआई आधारित एक्स रे मशीन से जांच की सुविधा दी गयी। एसीएमओ डॉ एनके द्विवेदी, डिप्टी सीएमओ डॉ राजेश सहित कई अन्य गणमान्य लोगों और एचयूआरएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिविर के सफल आयोजन में योगदान दिया। इसी कड़ी में वनटांगिया गांव में आयोजित शिविर में एम्स गोरखपुर के बाल रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ सहित वहां के स्टॉफ ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श दिया। इस मौके पर एम्स गोरखपुर के प्रिवेंटिव मेडिसिन डिपार्टमेंट से डॉ आनंद मोहन दीक्षित, डॉ प्रदीप खरया, चरगांवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके चौधरी, एचईओ मनोज कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी व सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे। सीएमओ ने बताया कि एम्स गोरखपुर द्वारा जिले के चयनित गांवों में समय-समय पर इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में विकास परियोजनाओं की प्रगति पर जोर

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज जनपदों के अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे, जबकि सभागार में जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, परियोजना निदेशक संदीप सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सीएमआईएस पोर्टल के माध्यम से एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली रेड श्रेणी की परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं के अनुसार परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं में देरी हो रही है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूरे हों। लापरवाही या अनावश्यक विलंब पर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी परियोजनाओं में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और कार्यों में तेजी लाने पर बल दिया गया।

# हर घर नल जल योजना की जिलाधिकरी ने की बैठक

**मई माह तक हर घर में सुनिश्चित हो शुद्ध पेयजल आपूर्ति, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई–जिलाधिकारी।**

**हर घर नल जल योजना में 364 राजसव गांवों में पेयजल की नियमित्त आपूर्ति हर घर नल जल योजना से की जाये सुनिश्चित।**

**जनपद में पेयजल संबन्धी शिकायतें प्राप्त होने पर सम्बन्धित दोषी के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाई–जिलाधिकारी।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।जनपद में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ एवं शिकायतमुक्त बनाने के लिए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर नल जल योजना की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर से पेयजल संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। जहां कहीं भी पेयजल आपूर्ति में समस्या हो, उसे तत्काल प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी भीषण गर्मी एवं मई माह को ध्यान में रखते हुए सभी ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में निर्बाध, नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये, पेयजल आपूर्ति केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक घर तक वास्तविक रूप से पानी पहुंचना सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी माध्यम से पेयजल आपूर्ति में लापरवाही की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी हर घर नल योजना के अन्तर्गत जिन 364 राजस्व गांवों में पेयजल की आपूर्ति हेतु जल जीवन मिशन द्वारा सुची उपलब्ध करायी गयी है उन सभी राजस्व गावों में हर घर नल जल योजना के तहत जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये यदि किसी प्रकार की समस्या होतो उसका निराकरण 10 दिवस के अन्दर निराकरण कर लिया जाये, निराकरण न किये जाने के स्थिति में सम्बन्धित दोषि के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्यवाही की जायेगी, 364 राजस्व गावों में हर घर नल जल योजना के माध्यम से जल आपूर्ति किये जाने की सूची प्राप्त हुई है उन राजस्व गांवों टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति न की जाये, यदि टैंकर के माध्यम स्थिति उत्पन्न होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति समस्या के निराकरण हेतु जनपद स्तर व ब्लॉक स्तर पर जो कन्ट्रोल रूम बनाये गये पूरी तरह से शक्रिय रखा जाये पेयजल आपूर्ति से सम्बन्धित कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसका तत्काल निराकरण किया जाये, बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्रवार सतत निगरानी बनाए रखें तथा पाइपलाइन, मोटर, पंप आदि तकनीकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें साथ ही कार्यों की नियमित समीक्षा कर प्रगति से अवगत कराते रहें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीमती नमिता शरण, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रामगढ़ताल पुलिस की बड़ी कार्रवाई: बंद मकानों में चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**, 4.70 लाख नगद बरामद**

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। रामगढ़ताल थाना पुलिस ने चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी के आभूषण बेचकर प्राप्त 4,70,000 रुपये नगद, एक मोटरसाइकिल, हथौड़ी व लोहे की सरिया बरामद की है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक आलोक सिंह व स्वाट टीम की अहम भूमिका रही। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शहजादे निवासी तुर्कमानपुर और अब्दुल सलाम निवासी बसंतपुर, राजघाट के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे पहले बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे और फिर मौका देखकर घरों में घुसकर जेवरात व नकदी चोरी कर लेते थे। बाद में चोरी के सामान को बेचकर रकम आपस में बांट लेते थे। पुलिस जांच में तीन चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है, जिनमें प्रज्ञानगर बड़गो, न्यू कॉलोनी कजाकपुर और आजाद चौक क्षेत्र के बंद मकानों को निशाना बनाया गया था। इन मामलों में पहले से ही मुकदमे दर्ज थे। दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके खिलाफ पहले से लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। बरामदगी में 4.70 लाख रुपये नगद, एक दोपहिया वाहन, एक लोहे की हथौड़ी और दो लोहे की सरिया शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, एसपी सिटी निमिष पाटिल ने प्रेस वार्ता में अवैध हुक्का बार संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार भी मौजूद रहे।

# सामाजिक न्याय के मुद्दों पर मंथन: पंचकुला में RPI (आठवले) का बड़ा कार्यक्रम कल

अमन लेखनी समाचार



हरियाणा।रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) द्वारा पीडब्ल्यूडी विश्राम ग्रह सेक्टर 1 पंचकुला (हरियाणा) में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले जी शिरकत करेंगे। उनके आगमन को लेकर कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी, हरियाणा अश्विनी वालिया (कुरुक्षेत्र) ने बताया कि कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा रवि कुंडली (सोनू) सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान संगठन को मजबूत करने, सामाजिक न्याय, एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। यह आयोजन पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्विनी वालिया ने सभी कार्यकताओं एवं आम जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# डॉन 3 बंद नहीं होगी, पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी

मुंबई। निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की डॉन 3 पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली डॉन 3 अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है। डॉन 3 को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं।



लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी के सेट से सामने आया नया लुक

अनीत पड्डा इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म 'शक्ति शालिनी' की एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस छोटे से वीडियो ने तुरंत सबका ध्यान खींचा है, खासकर उनके दमदार नए अवतार की वजह से, जो उनकी पहले की छवि से बिल्कुल अलग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


वीडियो के वायरल होने के बाद से इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा और भी बढ़ गई है। सैयारा (2025) में एक सिंपल और सहज किरदार निभाने के बाद अनीत शक्ति शालिनी के साथ एक कहीं अधिक मुश्किल रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उन्हें डबल रोल्स में दिखाया जाएगा- शक्ति, एक रक्षक शक्ति, और शालिनी, एक अधिक क्रूर और विनाशकारी व्यक्तित्व। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, लेकिन उनके किरदारों के बीच का अंतर पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही इंटरनेट पर लोगों ने प्यार दिखाया है। सोशल मीडिया पर दर्शक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और अनीत को शुभकामनाएं और 'उन्हें और टीम को ढेर सारी बधाई जैसे कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, मैडॉक को उम्मीद है कि यह फिल्म अच्छी बनेगी। अनीत और टीम को शुभकामनाएं, कई लोगों ने वीडियो को शेयर करके भी इस पर गाने लगाए हैं। 2025 में अनीत पड्डा को आधिकारिक तौर पर शक्ति शालिनी की लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था, जिससे वह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के साथ भी जुड़ गईं। 21 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हुई फिल्म थामा के पोस्ट-क्रेडिट सीन में पहली बार उनके किरदार की झलक दिखाई गई थी।

हॉलीवुड मसाला



# कॉन्सर्ट में होने वाला था हमला!

लॉस एंजिल्स। 2024 में ऑस्ट्रिया की राजधानी में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में जिहादी हमले की योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 21 साल के ऑस्ट्रियाई युवक को 2024 में सीआईए से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। युवक पर वियना के दक्षिण में स्थित एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। केवल बेरान ए नाम से पहचाने जाने वाले इस युवक को मंगलवार को हथकड़ियों में वियना न्यूस्टाड्ट स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर आतंकवाद और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।



# फास्ट फॉरएवर की तैयारी में जुटे विन

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने फास्ट एंड फ्यूरियस की अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विन डीजल ने एक्ट्रेस के जन्मदिन पर साथ में तस्वीर साझा करते हुए एक दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किया है। विन डीजल अपनी अगली फिल्म 'फास्ट फॉरएवर' की तैयारी कर रहे हैं। ये इस फ्रैंचाइजी की 11वीं मुख्य फिल्म और कुल मिलाकर 12वीं फिल्म है। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय से चल रही कहानी को समाप्त करने और 'फास्ट एक्स' द्वारा छोड़े गए सस्पेंस को सुलझाने की उम्मीद है। विन डीजर ने जोर्डाना बियुस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों प्यार से एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे खड़े हैं।



# दूसरी प्रेग्नेंसी की ऐलान के बाद दिखीं...


मुंबई। दीपिका पादुकोण ने 19 अप्रैल को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था, जिससे फैंस खुशी से झूम उठे थे। अब वह पहली बार पब्लिक के बीच नजर आईं। साथ में रणवीर सिंह भी थे। दीपिका और रणवीर को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। दीपिका ने ब्लू कलर की ढीली-ढाली शर्ट पहनी थी, पर उसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। वहीं, रणवीर गाड़ी से उतरने के बाद दीपिका को एयरपोर्ट तक संभालकर ले जाते थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एयरपोर्ट पर पपाराजी को पोज देने के लिए नहीं रुके और सीधा अंदर चले गए। इस दौरान रणवीर, दीपिका को प्रोटेक्ट करते नजर आए। उन्होंने पहले दीपिका की गाड़ी से उतरने में मदद की और फिर कमर पर हाथ लगाकर एयरपोर्ट पर अंदर ले गए।



# दिलजीत ने जिमी को सिखाया भांगड़ा

नई दिल्ली। सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ की फैन फॉलोइंग ग्लोबल स्तर पर है। यही वजह है कि अब दिलजीत जिमी फैलन के 'द टुनाइट शो' में दो साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। साल 2024 में दिलजीत ने 'द टुनाइट शो' में अपने डेब्यू से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अब फिर से इस शो में वापसी की घोषणा के बाद, दिलजीत का एक वीडियो वायरल है, जिसमें वो जिमी फैलन को भांगड़ा सिखाते नजर आ रहे हैं। ये एपिसोड 'द टुनाइट शो' के आगामी एपिसोड का है, जहां दिलजीत एक बार फिर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर शो के स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया। शो के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने भी कुछ क्लिप शेयर किए, जिनमें दिलजीत के शो में लाए गए मस्ती भरे पलों की झलक दिखाई गई है।

टीवी मसाला



# स्प्लिट्सविला 16 की प्रतियोगी प्रीत के साथ हुआ हादसा...

नई दिल्ली। एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 16 की प्रतियोगी प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने साथ हुए एक हादसे के बारे में बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट हुई। इसके बाद उनका एक दांत टूट गया और आंखें सूज गईं। स्प्लिट्सविला 16 से प्रीत को जल्द ही बाहर कर दिया गया। ऐसा तब हुआ जब वह विशु बजाज के साथ ओरेकल के पास गईं, लेकिन उन्हें आइडियल मैच घोषित नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें शो से एलिमिनेट होना पड़ा। इस शो को सनी लियोनी और करण कुंद्रा होस्ट करते हैं। इसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर प्रीत ने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उनकी आंखें सूजी हुई हैं। कैप्शन में, उन्होंने विस्तार से घटना के बारे में बताया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 'चेतावनी। मैंने हमेशा सुना है कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। मगर, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मेरा स्वागत इस तरह करेगा। जब मैं यह लिख रही हूं, तब भी मैं कांप रही हूं। मेरी आंखें सूजी हुई हैं। मेरे चेहरे पर चोट के निशान हैं। मैं अभी भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि आखिर हुआ क्या।' उन्होंने बताया कि उनके साथ क्या हुआ। उन्होंने लिखा, 'मैं बस एक क्लब में अपनी दोस्त के साथ बैठी समय बिता रही थी, तभी अचानक एक लड़की चिल्लाने लगी और सवाल करने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली।

## जल्द ही समाप्त होने वाला है नागिन-7

नई दिल्ली। टीवी की क्वीन कही जाने वाली निर्माता एकता कपूर ने अपने हिट सुपरनेचुरल शो नागिन 7 को लेकर एक अहम अपडेट साझा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि मौजूदा सीजन जल्द ही समाप्त होने वाला है और अगले साल इसे फिर से शुरू करने की योजना है। नागिन 7 का फिनाले एपिसोड अब 7 जून को टेलीकास्ट होगा, उस दिन एकता कपूर का जन्मदिन भी है। मौजूदा सीजन में प्रियंका चाहर चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कहानी उनके किरदार से जुड़े एक गहन लव ट्रायंगल पर केंद्रित रही है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए स्पष्ट किया कि सीजन को समाप्त करने का फैसला आंशिक रूप से शेड्यूलिंग की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा, 'नागिन को लेकर कुछ अपडेट देने आई हूं। दोस्तों, मैंने कल एक पोस्ट किया था और मुझे एहसास नहीं था कि हम अचानक शो खत्म करने वाले हैं।



# तीन दशक बाद साथ नजर आएंगे तब्बू और नागार्जुन



मुंबई। साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने अपनी 100वीं तेलुगु फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिल्म का नाम फिलहाल 'किंग 100' है। अब फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी शामिल हो गई हैं। तब्बू इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए दशकों बाद तब्बू और नागार्जुन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए फिल्म से खुद के जुड़ने और शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। तब्बू ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म के टाइटल वाला क्लैपरबोर्ड एक काली कुर्सी पर रखा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'और हम शुरू करते हैं किंग100।'इसके साथ ही तब्बू ने हैशटैग में नागार्जुन का नाम लिखा है और मेकर्स को मेंशन किया है।'किंग 100' के जरिए तब्बू और नागार्जुन लगभग 30 साल बाद साथ में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में साथ नजर आए थे। अब दर्शक तीन दशक बाद दोनों को एक ही फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, 'किंग 100' की कास्ट और क्रू व फिल्म की कहानी के बारे में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो तब्बू हाल ही में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आई हैं। इस फिल्म में परेश रावल, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। वहीं, नागार्जुन को आखिरी बार पिछले साल आई रजनीकांत की तमिल एक्शन फिल्म 'कुली' में देखा गया था।

# इंस्पेक्टर से लेकर विलेन तक की निभाई भूमिका

नई दिल्ली। भरत कपूर ने फिल्मों में लीड एक्टर के अलावा साइड एक्टर के तौर पर काम किया। उन्होंने फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भी उन्होंने अपना दबदबा बनाया। बॉलीवुड में 1970, 80 और 90 के दशक की कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता भरत कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। पिछले कुछ समय से भरत कपूर की तबीयत खराब चल रही थी। उनकी उम्र 80 साल थी।

## कैसे मिला फिल्मों में काम?

भरत कपूर का सफर संघर्षों से भरा रहा। वह थिएटर आर्टिस्ट थे। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद ने उन्हें फिल्मों में सबसे पहला ब्रेक दिया था। चेतन आनंद ने भरत को एक नाटक में अभिनय करते देखा था। उस नाटक का नाम था 'तनहाई'। भरत का अभिनय चेतन को पसंद आया। चेतन ने जब भरत को फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया तो उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। भरत ने चेतन आनंद की दो फिल्मों हंसते जख्म और हिंदुस्तान की कसम में काम किया।



## लीड एक्टर के तौर पर

भरत कपूर ने अपने कॅरियर में एक ऐसी फिल्म की, जिसमें वह लीड रोल में थे। यह फिल्म गुप्त ज्ञान (1974) थी। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित थी। इसमें वह सेक्सोलोजिस्ट की भूमिका में थे। फिल्म काफी हिट रही थी। एक और फिल्म थी, जिसमें भरत ने हीरो का किरदार निभाया था। इसका नाम 'क्षितिज' था। हालांकि बतौर हीरो भरत कपूर को कामयाबी नहीं मिली।

### मुख्य फिल्में

बाजार (1982) में भरत कपूर ने अख्तर हुसैन की दमदार भूमिका निभाई, जिसे आलोचकों ने सराहा। आखिरी रास्ता (1986) में उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ खलनायक का रोल किया, जिसे खूब पसंद किया गया। सोने पे सुहागा (1988) में उन्होंने प्रकाश का किरदार निभाया था, इससे उन्हें पहचान मिली। उन्होंने जंगल में मंगल (1972), दिल से मिले दिल (1978), पुलिस लॉक-अप (1995) और हिम्मतवर (1996) में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई।


## खलनायक के रोल में मिली कामयाबी

भरत कपूर ने कई फिल्मों में अभिनय किया। हालांकि, उन्हें विलेन के किरदार में कामयाबी मिली। साल 1979 में आई यश चोपड़ा की फिल्म नूरी में भरत कपूर ने बतौर विलेन काम किया। इसमें उन्होंने बशीर खान का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें तारीफ मिली। भरत कपूर की यादगार फिल्मों में सोने पे सुहागा (1988), बलिदान (1985) और मीनाक्षी: टेल ऑफ 3 सिटीज (2004), बरसात (1995) और साजन चले ससुराल (1996) हैं।

## अगले 2 साल में रिलीज होंगी 12 फिल्में

# ये माइथोलॉजिकल फिल्में एआई के दम पर मचाएंगी धमाल

*नई दिल्ली। साल 2026 और 2027 सिनेमा के लिहाज से काफी अहम रहने वाला है। इस साल पहले चार महीनों में बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने कमाई के मामले में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया है। अब साल के बाकी महीनों में भारतीय सिनेमा की तरफ से माइथोलॉजिकल जॉनर की मूवीज का दबदबा देखने को मिलेगा। जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वीएफएक्स टेक्नोलॉजी का एक अलग लेवल का इस्तेमाल नजर आएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि आने वाले अगले दो सालों में कौन-कौन सी मोस्ट अवेटेड 12 माइथोलॉजिकल मूवीज बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।*



**रामायण पार्ट-1** : इसकी शुरुआत सुपरस्टार रणबीर कपूर की बहुचर्चित फिल्म रामायण पार्ट-1 से होगी, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर नितेश तिवारी ने किया है। 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली वीएफएक्स कंपनी और हॉलीवुड स्टूडियो डीएनईजी रामायण में वीएफएक्स का काम संभाल रही है। दीवाली 2026 पर इस पौराणिक कहानी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

**चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल** : भारत की पहली एआई-पावर्ड पौराणिक फिल्म है, चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल का ऐलान बीते साल किया गया था। इतना ही नहीं 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जयंती के अवसर पर इसकी रिलीज डेट भी फाइनल की गई थी। लेकिन, खबरों की मानें तो इस मूवी को आगे के लिए शेड्यूल कर दिया गया है।

**महावतार** : करीब दो साल पहले मैडॉक फिल्म्स की तरफ से विक्की कौशल स्टारर फिल्म महावतार की घोषणा की गई थी, जिसमें छावा एक्टर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महावतार को अगले साल थिएटर्स में रिलीज किया जा सकता है।

**जय हनुमान** : तेलुगू मूवी 'हनु-मैन' की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने इसके सीक्वल जय हनुमान का एलान किया था। माना जा रहा है कि इस मूवी की शूटिंग इसी साल शुरू होगी और 2027 में ये रिलीज की जाएगी। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी भगवान हननमान की भूमिका में नजर आएंगे। इस मूवी के लिए मोशन पिक्चर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

**महाकाली** : अभिनेता अक्षय खन्ना की अपकमिंग फिल्म भी माइथोलॉजिकल जॉनर से नाता रखती है। तेलुगु सिनेमा की पेशकश महाकाली को अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा सकता है।

**सीता- द इनकार्नेशन** : साल 2021 में अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म सीता- द इनकार्नेशन का आधिकारिक एलान किया था। इस मूवी की रिलीज का फैंस बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। अगले साल हो सकता है ये रिलीज की जाए।

**द्रौपदी** : बताया जा रहा है कि लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण का प्रोडक्शन हाउस महाभारत के लोकप्रिय पात्र द्रौपदी पर एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसकी अनाउंसमेंट और रिलीज डेट की जानकारी आना बाकी है।

***कल्कि पार्ट 2*** : *साउथ सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर नाग अश्विन की मोस्ट अवेटेड मूवी कल्कि पार्ट 2 का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास स्टारर इस माइथोलॉजिकल और साइंस फिक्शन थ्रिलर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि अगले साल ये साउथ मूवी बड़े पर्दे पर दस्त दे सकती है।*

***रामायण 2*** : *फिल्म रामायण को दो भागों में बनाया गया है। जिसका दूसरा भाग अगले साल दीवाली के मौके पर रिलीज के लिए शेड्यूल किया गया है, इसमें युद्ध कांड की कहानी को दर्शाया जाएगा।*

***महावतार परशुराम*** : *महावतार नरसिम्हा जैसी ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड मूवी बनाने वाले होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म का नाम महावतार परशुराम है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा हाल ही में हुई है। 3D एनिमेशन और एनीमे टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बनी इस मूवी को अगले साल दिसंबर 2027 में रिलीज किया जाएगा।*